TNI आवाज़

# राजस्थान की राजनीति

E-mail: tniawaz.news@gmail.com

आपकी आवाज के साथ....

RAJHIN/2012/43137

HP NEWS हिन्दुस्तान की आवाज

हिन्दुस्तान पत्रिका

HINDUSTAN KI AWAZ

जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, टोंक, अजमेर, भरतपुर, धौलपुर, बीकानेर, कोटा, सवाईमाधोपुर से प्रसारित

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in | जयपुर, गुरूवार 02 मई, 2024 | वर्ष: 2 | अंक: 187 | पृष्ठ: 8 | मूल्य: 2.00 रू.


## भाजपा के निमंत्रण पर 10 देशों के 187 राजनीतिक प्रतिनिधि आएंगे भारत



### लोकसभा चुनाव का लेंगे अनुभव

राजस्थान की राजनीति

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में शुरू हो चुके हैं। भाजपा इस चुनाव में 400 सीटों का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी है। वहीं, कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। देशभर में चल रहे लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को देखने और समझने के लिए पूरी दुनिया से लोग भारत आएंगे। भाजपा के विदेश विभाग के प्रभारी डॉ. विजय चौथाईवाले ने बताया कि भारत के चुनावी इतिहास में पहली बार 10 देशों के कई राजनीतिक दल भाजपा के निमंत्रण पर एक से पांच मई तक भारत दौरे पर रहेंगे। लोकसभा चुनाव का शुरुआती अनुभव लेने के लिए सत्तारूढ़ पार्टी के निमंत्रण पर 10 देशों के 18 राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भारत की यात्रा पर आएंगे। इस दौरान यह लोग भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित भाजपा के कई नेताओं से बातचीत करेंगे। डॉ. विजय चौथाईवाले ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, मॉरीशस, नेपाल, रूस, श्रीलंका, तंजानिया, युगांडा और वियतनाम सहित 10 देशों से आने वाले प्रतिनिधि भारतीय चुनावी प्रक्रिया के साथ-साथ भाजपा की चुनाव अभियान रणनीतियों को समझने के लिए नई दिल्ली में वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। ऑस्ट्रेलिया की लिबरल पार्टी, वियतनाम की वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी, बांग्लादेश की अवामी लीग, इस्राइल की लिकुड पार्टी, युगांडा की नेशनल रेसिस्टेंस मूवमेंट, तंजानिया की चामा चा मापिनदुजी और रूस की यूनाइटेड रशिया पार्टी उन राजनीतिक दलों में शामिल हैं, जिनके प्रतिनिधि भारत आ रहे हैं। इसके अलावा, श्रीलंका के दो राजनीतिक दल श्रीलंका पोदुजना पेरामुना और यूनाइटेड नेशनल पार्टी के प्रतिनिधि भी इसका हिस्सा रहेंगे। वहीं, मिलिटेंट सोशलिस्ट मूवमेंट, मॉरीशस लेबर पार्टी, मॉरीशस मिलिटेंट मूवमेंट और पार्टी मॉरिशियन सोशल डेमोक्रेट और नेपाली कांग्रेस, जनमत पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल और नेपाल से राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी उन अन्य दलों में शामिल हैं, जो भाजपा के निमंत्रण पर भारत के दौरा कर रहे।

# सीबीआई की 10 राज्यों में 30 ठिकानों पर छापेमारी, राजस्थान में 6 जगह दबिश

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर/ जोधपुर।** एचपीजेड टोकन एप के जरिए बिटकॉइन में निवेश के बहाने धोखाधड़ी के मामले की जांच कर रही सीबीआई ने बुधवार को देश के 10 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में 30 स्थानों पर छापेमारी की है. इस केस को लेकर सीबीआई ने राजस्थान में भी छह स्थानों पर छापेमारी की है. इस व्यापक छापेमारी में सीबीआई ने तलाशी में मोबाइल, कंप्यूटर हार्ड ड्राइव, सिम कार्ड, एटीएम/डेबिट कार्ड, ईमेल खाते और विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेजों सहित महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य जब्त किए हैं. सीबीआई की ओर से जारी प्रेस बयान के अनुसार जांच एजेंसी ने दो निजी कंपनियों और उनके निदेशकों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी के साथ पठित धारा 419 तथा धारा 420 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66 डी के तहत मामला दर्ज किया था. जिसमें आरोप है कि एचपीजेड टोकन ऐप से संबंधित धोखाधड़ी वाली निवेश योजना में आरोपी संलिप्त थे. इस योजना के तहत आमजन को क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के नाम पर झांसा दिया जा रहा था।



### आरोपियों ने अवैध रूप से देश से बाहर पैसा ट्रांसफर किया

*सीबीआई ने इस मामले में देश के 10 राज्यों के 30 ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई की हैं। इसमें सामने आया हैं कि आरोपी निवेशकों से 150 बैंक खातों में बड़ी मात्रा में रकम जमा करवाते थे। इस दौरान निवेशकों को भरोसे में लेने के लिए आरोपियों ने शुरुआत में निवेशकों के खाते में पैसे भी ट्रांसफर किए। जिससे निवेशकों को विश्वास हो जाए। सीबीआई की जांच में सामने आया कि आरोपियों की ओर से इन बैंक खातों में जमा रकम को अवैध रूप से देश के बाहर ट्रांसफर किया गया हैं। इन पैसों को ट्रांसफर करने के लिए आरोपी क्रिप्टो करेंसी का सहारा लेते थे। फिलहाल, सीबीआई पूरे मामले की जांच में जुटी हुई हैं।*

### मोटे मुनाफे का दिया जाता है झांसा

एचपीजेड एक एप आधारित टोकन है, जो उपयोगकर्ताओं को बिटकॉइन एवं अन्य क्रिप्टो मुद्राओं के लिए खनन मशीनों में निवेश करके बड़े लाभ का वादा करता है. जालसाजों ने कथित तौर पर एक कार्यप्रणाली का प्रयोग किया जो पीड़ितों को बिटकॉइन खनन में उनके निवेश पर भारी मुनाफा के बहाने एचपीजेड टोकन एप में निवेश करने के लिए लुभाता था.

### 150 खातों में जमा करवाई गई रकम

अब तक की जांच से पता चला है कि निवेशकों से आरोपियों से संबंधित लगभग 150 बैंक खातों में बड़ी मात्रा में रकम जमा करवाई गई. निवेशकों का भरोसा जीतने के लिए शुरुआत में इन खातों में जमा रकम में से भुगतान करने की जानकारी भी सामने आई है. फिर बाद में इन बैंक खातों में जमा रकम को अवैध रूप से देश से बाहर ट्रांसफर कर दिया जाता था. इन खातों में जमा रकम को देश से बाहर भेजने के लिए क्रिप्टोकरेंसी या हवाला का सहारा लिया जाता था. सीबीआई की ओर से बताया गया है कि फिलहाल इस पूरे मामले को लेकर अनुसंधान चल रहा है.

### बिटकॉइन और क्रिप्टो करेंसी के नाम पर लोगों को दिया झांसा

दो निजी कंपनियों की ओर से आमजन को क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर झांसा दिया गया हैं। जिसके तहत एचडीजेड एप के माध्यम से लोगों को बिटकॉइन और अन्य क्रिप्टो मुद्राओं के लिए खनन मशीनों में निवेश करके बड़े लाभ पाने का झांसा दिया। इस दौरान आरोपी एक कार्य प्रणाली का उपयोग कर आमजन को बिटकॉइन खनन में उनके निवेश पर भारी मुनाफा के बहाने एचडीजेड टोकन एप में निवेश करने के लिए लुभाते थे।

### जोधपुर समेत आधा दर्जन ठिकानों पर पड़ी सीबीआई की रेड

*इस मामले में सीबीआई की ओर से जारी किए गए प्रेस नोट में बताया गया है कि जांच एजेंसी ने 2 कंपनियों और उनके डायरेक्टर्स के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120 बी के साथ पठित धारा 419 धारा 420 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 66 डी के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले को लेकर सीबीआई ने पूरे देश में 10 राज्यों पर एक साथ कार्रवाई की हैं। इसमें राजस्थान के जोधपुर समेत आधा दर्जन ठिकानें शामिल हैं।*

न्यूज इनबॉक्स

### मई में सामान्य रह सकती है गर्मी : पहले सप्ताह में कंट्रोल रहेगा तापमान

**जयपुर** राजस्थान में अप्रैल में गर्मी सामान्य से कम रहने के बाद अब मई में भी इसी तरह का ट्रेंड रहने की संभावना दिख रही है। मई के पहला सप्ताह में तापमान न केवल कंट्रोल रह सकता है, बल्कि कुछ जगहों पर ये सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस तक नीचे बने रहने की संभावना है। 4 मई से एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा, जिसके प्रभाव से राजस्थान के कई हिस्सों में बादल छाने के साथ हल्की बारिश हो सकती है और कहीं-कहीं ओले गिरने के साथ धूलभरी आंधी चल सकती है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, 3 मई तक राजस्थान में मौसम साफ रहेगा, लेकिन तापमान में कोई खास परिवर्तन देखने को नहीं मिलेगा। अधिकांश शहरों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे ही रहने की संभावना है, जबकि पश्चिमी राजस्थान के कुछ शहरों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से नीचे रह सकता है। मंगलवार देर रात उत्तरी राजस्थान के गंगानगर, हनुमानगढ़ के एरिया में तेज धूलभरी आंधी चली। आंधी चलने के साथ कुछ जगह हल्के बादल छाए।

प्रज्ज्वल को लेकर राहुल गांधी


## मोदी के परिवार का हिस्सा होना अपराधियों के लिए सुरक्षा की गारंटी

राजस्थान की राजनीति

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के राजनीति गलियारे में भूचाल आ गया है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और जेडीएस नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े कई अश्लील वीडियो सामने आए हैं। इसी को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। अब प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। साथ ही पूछा कि क्या मोदी के 'राजनीतिक परिवार' का हिस्सा होना अपराधियों के लिए सुरक्षा की गारंटी है?

### क्या है विवाद?

प्रज्ज्वल रेवन्ना वर्तमान में कर्नाटक की हासन से सांसद है। इस सीट पर उन्होंने 2019 में पहली बार जीत हासिल की थी। इससे पहले साल 2004 से 2019 तक एचडी देवेगौड़ा ने इस सीट से लगातार हासिल की थी। फिलहाल रेवन्ना हासन लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के उम्मीदवार हैं। उनसे जुड़े अश्लील वीडियो 26 अप्रैल को हासन में हुए चुनाव से दो दिन पहले सामने आया था। 25 अप्रैल को महिला आयोग की अध्यक्ष ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से आपत्तिजनक वीडियो की एसआईटी जांच का आदेश देने का अनुरोध किया था। इसके बाद सरकार ने एसआईटी जांच का आदेश दिया था। वहीं, पुलिस ने रविवार को प्रज्ज्वल रेवन्ना और उनके पिता एचडी रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न और आपराधिक धमकी के आरोपों के आधार पर मामला दर्ज किया है। प्रज्ज्वल पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा के पोते और पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी के भतीजे हैं।



बढ़ते विवाद को देखकर भाजपा की सहयोगी जेडीएस ने प्रज्ज्वल से दूरी बना ली है। पार्टी ने प्रज्ज्वल को निलंबित कर दिया है।

### पीएम मोदी ने हमेशा की तरह शर्मनाक चुप्पी साधी

अब राहुल गांधी ने प्रज्ज्वल रेवन्ना को लेकर पीएम मोदी को आड़े हाथ ले लिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि कर्नाटक में महिलाओं के साथ हुए वीभत्स अपराध पर भी नरेंद्र मोदी ने हमेशा की तरह शर्मनाक चुप्पी साध ली है। प्रधानमंत्री को जवाब देना होगा। उन्होंने आगे कहा कि सब कुछ जान कर भी पीएम मोदी ने सिर्फ वोटों के लिए सैकड़ों बेटियों का शोषण करने वाले हैवान का प्रचार क्यों किया? आखिर इतना बड़ा अपराधी बड़ी सहूलियत के साथ देश से फरार कैसे हो गया? कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि कैसरगंज से कर्नाटक और उन्नाव से उत्तराखंड तक, बेटियों के गुनहगारों को प्रधानमंत्री का मूक समर्थन देश भर में अपराधियों के हौसले बुलंद कर रहा है।

एसआई भर्ती पेपरलीक मामले में निचली कोर्ट का रिकॉर्ड तलब

## आरोपियों की जमानत रद्द करने के मामले में 6 मई को फाइनल सुनवाई करेगा हाईकोर्ट

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** एसआई भर्ती पेपरलीक मामले में गिरफ्तार 11 ट्रेनी एसआई और 1 कॉन्स्टेबल की जमानत रद्द करने के मामले में हाईकोर्ट ने एसओजी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर लिया है और निचली अदालत का रिकॉर्ड तलब किया है।

दरअसल, गिरफ्तार ट्रेनी एसआई की एसएलपी पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 26 अप्रैल को हाईकोर्ट को निर्देश दिए थे कि वे 1 मई से सप्ताह भर के अंदर सुनवाई पूरी करके फैसला दे। अब हाईकोर्ट इस मामले में 6 मई को फाइनल सुनवाई करेगा।

आरोपियों के वकील रमित पारीक और वेदांत शर्मा ने बताया कि जयपुर मेट्रो-द्वितीय की सीएमएम कोर्ट ने आरोपियों को 12 अप्रैल को जमानत देने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ सरकार हाईकोर्ट गई थी। हाईकोर्ट ने 15 अप्रैल को सुनवाई के बाद सीएमएम कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। इस फैसले के खिलाफ आरोपी सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। आरोपियों की ओर से कहा गया था कि उनके रिलीज ऑर्डर जारी हो चुके थे। हाईकोर्ट ने गलत तरीके से उनकी रिहाई पर रोक लगाई है।



### सीएमएम कोर्ट ने आरोपियों को दी थी जमानत

दरअसल, जयपुर मेट्रो-द्वितीय की सीएमएम कोर्ट ने आरोपियों को एसओजी की तरफ से गिरफ्तार करने के 24 घंटे बाद पेश करने को उल्लंघन माना था। कोर्ट ने माना था कि एसओजी ने आरोपियों को अवैध हिरासत में रखा है। इस पर कोर्ट ने गिरफ्तार ट्रेनी एसआई हरखू, मंजू, सुरेंद्र कुमार, जयराज सिंह, सुभाष, दिनेश, चेतन सिंह, मालाराम, राकेश, दिनेश, चेतन सिंह, मालाराम,राकेश, अजय, मनीष और कॉन्स्टेबल अभिषेक को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए थे।

### ये है मामला

बता दें कि एसओजी की टीम 2 अप्रैल को सुबह करीब 9.30 राजस्थान पुलिस एकेडमी पहुंची थी। यहां 3 घंटे तक आरोपियों से पूछताछ की थी। इसके बाद 15 ट्रेनी एसआई को डिटेन कर एसओजी मुख्यालय लाया गया था। इसमें 2 महिला और 13 पुरुष सब इंस्पेक्टर शामिल थे। यहां पूछताछ के बाद 3 अप्रैल को 11 ट्रेनी एसआई को गिरफ्तार कर लिया गया था।

इसके अलावा एसओजी ने जोधपुर कमिश्नरेट के सदर बाजार थाने में तैनात कॉन्स्टेबल अभिषेक बिश्नोई को भी गिरफ्तार किया था। अभिषेक बिश्नोई एसआई भर्ती परीक्षा 2021 में पास हुआ था, लेकिन उसने जॉइन नहीं किया था।

## भारत की बड़ी कामयाबी, डीआरडीओ की बनाई पनडुब्बी रोधी मिसाइल का सफल परीक्षण

राजस्थान की राजनीति

**नई दिल्ली।** भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के मामले में एक और बड़ी कामयाबी मिली है। दरअसल भारतीय नौसेना ने पनडुब्बी रोधी मिसाइल सिस्टम का सफल परीक्षण किया है। भारतीय नौसेना ने बुधवार को ओडिशा में बालासोर के तट पर सुपरसोनिक मिसाइल असिस्टेड रिलीज ऑफ टॉरपीडो मिसाइल सिस्टम का सफल परीक्षण किया। बुधवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से सुपरसोनिक मिसाइल सिस्टम ने उड़ान भरी। यह अगली पीढ़ी का मिसाइल सिस्टम है, जो लाइटवेट टॉरपीडो डिलीवरी सिस्टम पर आधारित है। इसे डीआरडीओ द्वारा ही डिजाइन और विकसित किया गया है। टॉरपीडो एक सिगार के आकार का हथियार होता है, जिसे पनडुब्बी, युद्धक जहाज या लड़ाकू विमान से दागा जा सकता है। यह टॉरपीडो अपने लक्ष्य के संपर्क में आते ही धमाके के साथ विस्फोट हो जाता है। इस मिसाइल सिस्टम के नौसेना में शामिल होने के बाद नौसेना की मेरीटाइम क्षमता काफी बढ़ जाएगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने SMART मिसाइल सिस्टम के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी। राजनाथ सिंह ने कहा कि इससे नौसेना की क्षमताएं बढ़ेंगी।



अलवर जिला आबकारी अधिकारी 3 लाख रुपए लेते ट्रेप

## आरएएस सुरेश कुमार अहीर को एसीबी ने किया ट्रैप, आवास व अन्य ठिकानों पर सर्च

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** एसीबी अलवर की टीम ने अलवर में तैनात जिला आबकारी अधिकारी आरएएस को 3 लाख रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरएएस सुरेश कुमार अहीर के आवास एवं अन्य ठिकानों पर एसीबी की टीम ने देर रात तक सर्च किया। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी की अलवर-द्वितीय इकाई ने आज कार्यवाही करते हुए सुरेश कुमार अहीर को परिवादी से 3 लाख रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एडीजी एसीबी हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की अलवर टीम को परिवादी ने शिकायत दी थी की उसकी लाईसेंस शुदा शराब की दुकान के गोदाम की लोकेशन पास करने की एवज में आरोपी सुरेश कुमार अहीर ने 6 लाख रुपए रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी जयपुर के डीआईजी एसीबी रणधीर सिंह के सुपर वीजन में एसीबी अलवर के उप अधीक्षक पुलिस परमेश्वर लाल के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कराया गया। सत्यापन सही पाये जाने पर आज टीम ने ट्रैप की कार्रवाई करते हुए आरोपी सुरेश कुमार अहीर को परिवादी से 3 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एडीजी एसीबी स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही की जा रही हैं। एसीबी ने इस मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।



एसीबी कार्रवाई

## एसीबी के पूर्व डीआईजी विष्णुकांत पर 10 लाख रुपए घूस लेने का केस दर्ज

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** एसीबी ने 3 साल पहले रिश्वत में पकड़े गए हैड कांस्टेबल का नाम हटाने के लिए एसीबी के पूर्व डीआईजी विष्णुकांत पर 9.50 लाख रुपए घूस लेने का केस दर्ज किया है। एसीबी ने यह कार्रवाई एएसपी ललित किशोर शर्मा की रिपोर्ट की है। रिपोर्ट के मुताबिक, एसीबी ने परिवादी सत्यपाल पारीक की शिकायत पर वर्ष 2021 में जवाहर सर्किल थाने के हैड कांस्टेबल सरदार सिंह और कांस्टेबल लोकेश को घूस लेते पकड़ा गया था।

परिवादी ने 11 जनवरी 2023 को आरोपी सरदार सिंह के खिलाफ डीआईजी को पैसे देकर केस से नाम हटाने की शिकायत की थी। जांच में आया कि सरदार का भाई प्रताप भी पुलिस कांस्टेबल है, जो एसओजी में विष्णुकांत का गनमैन था। ऐसे में प्रताप से डीआईजी विष्णुकांत ने एसीबी डीजी के नाम पर 9.5 लाख रुपए लिए और सरदार सिंह का नाम हटाकर फाइल बढ़ा दी। फिलहाल, विष्णुकांत आईजी होमगार्ड हैं।

## बड़गांव में अज्ञात कारणों के चलते खेत में लगी आग, एक ट्रोली पराली जल कर हूई राख, ग्रामीणों ने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू



राजस्थान की राजनीति

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** दबलाना थाना क्षेत्र के बड़गांव में बुधवार को अज्ञात कारणों के चलते किसान गोविंद माहेश्वरी के करिबन दस बिघा खेत में आग लग गई जिससे पास ही में जानवरों के लिए रखी एक ट्रौली पराली का चारा जल कर राख हो गया। तेज हवा के साथ आग बड़ी तिव्रता से फैलती गई। जानकारी मिलने पर आस-पड़ोस के ग्रामीणों ने अपने अपने ट्यूबवेल की मोटरें चलाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन तेज हवा के चलते आग बहुत ज्यादा फैलने लगी। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए बाल्टियों एवं मटकीयों में मोटरों से पानी भर कर आग लगी जगह पर पानी का छिड़काव कर 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आने से आसपास में खेतों की मेड़ों पर पेड़-पौधे जल गये। गनिमत यह रही की कोई जनहानि नहीं हुई। ग्रामीण ओमप्रकाश सैनी, सुनील कुमार पारीक, भंवर लाल गुर्जर, सीताराम गुर्जर, जगपाल सिंह सरदार, आसाराम खोडवा,शुभम शर्मा आदि के सहयोग से आग पर काबू पाया गया।

## अज्ञात चोरों ने सूने मकान को बनाया निशाना, नगदी सहित आभूषण चोरी

### डॉग स्क्वायड़ व एफएसएल टीम ने की जांच, पीडित ने कराया मामला दर्ज



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** क्षेत्र के गांव खेडीदेवीसिंह में अज्ञात चोर दो अलग-अलग सूने मकानों को निशाना बनाते हुए नगदी सहित सोने-चांदी के आभूषण चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस सीओ पूनम भरगढ़ ने डॉग स्क्वायड़ व एफएसएल टीम की सहायता से जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया। लेकिन, सफलता नही मिल सकी। पुलिस के अनुसार पीडित सियाराम सिंह अपने परिवारजन सहित समीपवर्ती नोहरे में सो रहा। इसी दौरान अज्ञात चोर कमरें का ताला तोड़ अलमारी में रखे करीब 56 हजार की नगदी सहित सोने-चांदी के आभूषण व समीपवर्ती पीडित के चाचा निर्भय सिंह के मकान से सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गया। तड़के करीब पांच बजे जागने पर पीडित को घर में सामान बिखरा होने व अलमारी से आभूषण गायब होने की मालुम हुआ। बाद में पीडित ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने डॉग स्क्वायड़ व एफएसएल टीम की सहायता से जांच करते हुए अज्ञात चोरों का सुराग लगाने का प्रयास किया। लेकिन, सफलता नही मिल सकी। बाद में पीडित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया।

### घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास, मामला दर्ज

## पीडिता का आरोप-अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आरोपी फरार

राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** नदबई ग्रामीण क्षेत्र में घर में घुसकर एक किशोरी से दुष्कर्म प्रयास करने का मामला सामने आया। जब, पीडित किशोरी के भाई ने आरोपी अनिल कुमार के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया। पुलिस के अनुसार पीडित किशोरी अपने घर में कार्य कर रही। इसी दौरान आरोपी ने घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म करने का प्रयास किया। शोर मचाने पर पीडित किशोरी की भाभी ने आरोपी को पकडने का प्रयास किया। लेकिन, आरोपी किशोरी के अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। बाद में पीडित किशोरी के भाई ने आरोपी के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया। उधर, मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच पडताल करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार करने का प्रयास किया। लेकिन, पुलिस को सफलता नही मिल सकी।

## मूछंदर नाथ बाबा की प्राण प्रतिष्ठा आज

राजस्थान की राजनीति



**भरतपुर।** श्री मूछंदर नाथ बाबा भक्त मंडल एव उनके भक्तो की ओर से कस्बा हलैना की इंदिरा कॉलोनी में पण्डित रामकिशन एव ललित शर्मा के सानिध्य में नवनिर्मित श्री मूछंदर नाथ बाबा मन्दिर पर बाबा मूछंदरनाथ की प्राण प्रतिष्ठा आज 2 मई को होगी,जिसके तहत प्रात हवन, पूजा अर्चना, श्रृंगार, आरती होगी और रात्रि को बाबा का भव्य श्रृंगार,महाआरती व प्रसादी आदि धार्मिक कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम के तहत पिछले 3दिवस से अखंड रामायण पाठ भजन कीर्तन, बाबा के प्राण प्रतिष्ठा व अभिषेक आदि कार्यक्रम चल रहे हैं। कार्यक्रम की विधि विधान से पंडित रमेशचंद व नरेश कुमार आदि करा रहे हैं। इस अवसर पर संतोष सेन डालचंद संजय गुप्ता विष्णु मित्तल आदि का विशेष सहयोग चल रहा है।

### लाखों खर्च फिर भी नहीं मिला मर्ज

# गंदे पानी की निकासी नहीं हाने से परेशान दुकानदार एवं ग्रामीणो ने किया प्रदर्शन

### नगर पालिका प्रशासन पर लगाया लापरवाही का आरोप दी आंदोलन की चेतावनी

राजस्थान की राजनीति



**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** गंदे पानी की निकासी को लेकर कोटकासिम के चौकी पुलिये से बस स्टैंड की तरफ गंदे नाले को पुनः रिपेयरिंग एवं निर्माण कार्य करीब तीन माह पूर्व नगर पालिका प्रशासन द्वारा किया गया। लेकिन निर्माण कार्य के बाद गंदे नाले में आने वाले गंदे पानी की निकासी का कार्य अधर झूल में अटका हुआ है। जिसके चलते गंदा पानी नाले में पिछले तीन माह से भरा रहने से जगह-जगह से नाला अवरफ्लो होने लगा है। इतना ही नही मौहल्ले में कॉलोनियो का आने वाला गंदा पानी नाला अवरूद्ध होने से हालात बहुत बदत्तर बने हुए है। इसके अलावा नाला मरम्मत कार्य के दौरान गली मौहल्ले के रास्तो से नाले का लैंटर उखाड दिया गया था जो पिछले तीन माह से उखडा हुआ पडा है। जिससे आये दिन दुपहिया वाहन चालक एवं रास्ते से निकलने वाले राहगीर दुर्घटना का शिकार हो रहे है। सबसे अधिक परेशानी रात के अंधेरे में हो रही है। रास्ते के बीचो-बीच क्रॉसिंग नाले की जगह खुला हुआ नाला हादशे को निमंत्रण दे रहा है। वही गंदे पानी की निकासी नही होने से करीब आधा किलोमीटर दूरी तक का नाला पूरी तरह गंदे पानी से अवरूद्ध हो गया है तथा जगह-जगह अवरफ्लो होने से गंदा पानी सडको पर बिखर रहा है एवं गंदगी को बढावा दे रहा है।

### समस्या से परेशान दुकानदारो एवं नगरवासियो ने किया प्रदर्शन जताया रोष

बुधवार को स्थानीय दुकानदारो एवं नगरवासियो ने पुराने पेट्रोल पम्प के पास खडे होकर नाले की गंदगी अवरफ्लो की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया तथा रोष जताया। स्थानीय लोगो ने बताया की पिछले करीब तीन माह पूर्व नपा प्रशासन द्वारा गंदे पानी की निकासी के लिए नाले का वाटर लेविल करने के दौरान नाले की फर्स एवं दोनो साईड की क्षतिग्रस्त दिवारो को दुरूस्त किया गया था। लेकिन उसी समय से नाले की निकासी का काम पूरी तरह अवरूद्ध कर दिया गया। जिससे गलियो व मौहल्लो का सारा गंदा पानी पिछले तीन माह से नाले में भरा रहने से आस-पास का पूरा वातावरण दूषित बना हुआ है। गंदगी के कारण नाले के पास दुकानदारो का श्वास लेना दुर्भर हो रहा है। दुकानदारो एवं स्थानीय लोगो का कहना है की इस विषय में कई बार नपा प्रशासन के अधिकारियो को अवगत राये जाने के बावजूद भी समस्या पर कोई ध्यान दिया जा रहा है। जिससे स्थानीय लोगो को भारी परेशानियो का सामना करना पड रहा है।

### मरम्मत कार्य के दौरान मुख्य सडक मार्ग से जुडे हुए रास्तो पर खुला छोडा हुआ हैनाला

प्रदर्शन कर रहे लोगो ने बताया की नाले के मरम्मत कार्य के दौरान मुख्य सडक मार्ग से जुडे हुए रास्तो से नाले के लैंटर को उखाडा गयाथा। लेकिन यहा रास्तो का लैंटर यथावत रहने से आये दिन वाहन चालक, राहगीर एवं स्थानीय लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे है। प्रशासन द्वारा क्रॉसिंग नालो से उखाडे गये लैंटर को दोबारा नही डाला गया। जिससे रास्तो से निकलने वाले दुपहिया वाहन चालक, मौहल्ले गली के बच्चे नाले में गिरकर चोटिल हो रहे है।

### समाधान नही हुआ तो किया जायेगा आंदोलन, अधिशाषी अधिकारी पर लगाया लापरवाही का आरोप

प्रदर्शन कर रहे दुकानदार एवं स्थानीय लोगो ने नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी पर लापरवाही का अरोप लगाते हुए बताया की नगर पालिका कार्यालय में कार्यरत अधिशाषी अधिकारी की कुर्सी खाली मिलती है। कभी भी कार्यालय पर अधिशाषी अधिकारी मौजूद नही मिलते। अधिशाषी अधिकारी की लापरवाही के विषय में उपखंड प्रशासन को भी अवगत करा दिया गया है। उसके बावजूद भी श्रीमान अधिशाषी अधिकारी कोटकासिम नगर पालिका कार्यालय में कभी मौजूद नही रहते है। जिसके कारण नगर पालिका क्षेत्र के हाल बेहाल हो रहे है। कही गंदे पानी की समस्या है तो कही रोशनी तो कही विकास कार्य अधूरे पडे हुए है। उन्होने जिला प्रशासन से अधिशाषी अधिकारी के तबादले की मांग की है। वही स्थानीय निवासी सैलेन्द्र यादव, सतीश यादव, छोटेलाल, सत्यदेव, दिनेश भगतजी, अनिल छतरी वाला, परवीर, सतीश चौधरी, जसबीर यादव, धर्मबीर चौधरी, धर्मेन्द्र, लोकेश, दीपांशु, मोहरसिंह मिस्त्री, टीटू गैस बैल्डिग, रॉकी चौधरी, गहलावत आदि लोगो ने बताया की यह समस्या दुकानदारो के लिए नासूर बनती जा रही है। यहा आस-पास नाले से उठती सडांध के कारण श्वास लेना मुतिश्कल हो रहा है। बार-बार अवगत कराये जाने के बावजूद भी प्रशासन कोई ध्यान नही दे रहा है। उन्होने प्रशासन से चेतावनी दी है की शीघ्र ही समस्या का निस्तारण नही किया गया तो जनआंदोलन किया जायेगा। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### इनका कहना है

नपा सूचना प्रबधंक महेन्द्र मीणा ने बताया की नगर पालिका कार्यालय पर पिछले काफी समय से कनिष्ठ अभियंत पद रिक्त चल रहा है। जिससे विकास कार्य करने में काफी रूकावट हो रही है। इसके अलावा नगर पालिका कार्यालय पर अधिशाषी अधिकारी समय नही दे पा रहे है। ऐसे में विकास कार्य सहित सभी प्रकार के कार्य में बाधा बनी हुईहै। उन्होने बताया की हाल ही में वैकल्पिक व्यवस्था के के लिए मनरेगा की लेवर को लगाकर गंदे पानी की निकासी के कार्य को कराया जायेगा। यह कार्य दो तीन से तीन दिनो के अंदर हो जायेगा।

## हलैना में श्री बांके बिहारी रथयात्रा मेला का 8 मई से शुभारम्भ

### ग्राम पंचायत एवं मेला कमेटी ने किया मेला स्थल का निरीक्षण

### 8 मई को रथयात्रा एवं 9 मई को कुश्ती दंगल

### आने लग गए रहट-झूला व दुकान

राजस्थान की राजनीति



**भरतपुर।** ग्राम पंचायत एवं श्री बांके बिहारी रथयात्रा मेला कमेटी की ओर से कस्वा हलैना के अतिराम सागर किनारे श्री विजय हनुमान मन्दिर के निकट मेला स्थल तथा समृद्व भारत अभियान ग्रामीण हाट बाजार में 8 मई से तीन दिवसीय 322 वां श्री बांके बिहारी रथयात्रा एवं कुश्ती दंगल मेला आयोजित होगा,ये मेला 10 मई तक लगेगा। मेला की सफलता वास्ते मेला कमेटी का गठन किया,जिस कमेटी में सरपचं दीपेश कुमार अध्यक्ष,ग्राम विकास अधिकारी श्यामलाल सचिव,पूर्व पंचायत समिति सदस्य गजेन्द्र सिंह टन्टा,पंचायत समिति सदस्य संजय गुप्ता,जिला परिषद सदस्य राकेश किराड सरंक्षक तथा समस्त वार्ड पंच व उप सरपचं सदस्य नियुक्त हुए। कमेटी ने श्री बांके बिहारी जी महाराज मन्दिर,श्री विजय हनुमान मन्दिर व मेला स्थल का निरीक्षण किया और मेले में आ रहे रहट-झूला व दुकान आदि का अवलोकन कर उनके मालिक व अन्य लोगों से मेला की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। कमेटी ने मेला कार्यक्रम तय कर मेला में आने वाली दुकान व रहट-झूला आदि से मेला कर नही वसूला जाने का निर्णय लेकर दुकानदार व मेलार्थियों को निःशुल्क सुरक्षा,पेयजल,रोशनी,अस्थाई भूखण्ड,आवास आदि मुहैया कराने की घोषणा की। सरपचं व मेला अध्यक्ष दीपेश कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत व मेला कमेटी के द्वारा 8 मई से 10 मई तक श्री बांके बिहारी रथयात्रा एवं कुश्ती दंगल मेला आयोजित होगा। 8 मई को सुबह 8:15 बजे मेला का ध्वजरोहण व उद्घाटन,श्री विजय हनुमान की पूजा-अर्चना। दोपहर श्री बांके बिहारी जी महाराज की रथयात्रा निकाली जाऐगी,जो रथयात्रा अतिराम सागर किनारे स्थित श्री बांके बिहारी जी महाराज मन्दिर से शुरू होगी और कस्वा के प्रमुख रास्ता ,बाजार व मेला स्थल होकर श्री विजय हनुमान मन्दिर पहुंचेंगी,जहां ठाकुर जी महाआरती होगी,जिसके बाद रथयात्रा श्री बांके बिहारी जी महाराज मन्दिर पर पहुंच कर सम्पन्न हो जाऐगी। 9 मई को जूनियर व सीनियर वर्ग का कस्वा की इन्दिरा कॉलोनी में कुश्ती दंगल होगा,सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जूनियर वर्ग तथा दोपहर 2 बजे से सायं 7 बजे तक सीनियर वर्ग की कुश्तियां होगी। 10 मई को मेला का समापन होगा। यदि मेला के दुकानदार व मेलार्थियों ने मेला की अवधि बढाने का आग्रह किया तो मेला कमेटी उस पर विचार कर मेला की अवधि बढा सकती है। मेला के दुकानदार व ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगे।

## उद्योग एवं परिवहन विभाग ने की संयुक्त कार्रवाई, औद्योगिक इकाइयों से निकले अपशिष्ट पानी को नालों में छोड़ते दो टैंकरों को पकड़ा

राजस्थान की राजनीति



**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** खैरथल-तिजारा जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशानुसार बनाई गई परिवहन एवं उद्योग विभाग की संयुक्त टीम ने औद्योगिक से निकलने वाले अपशिष्ट पानी को भिवाड़ी की खुली नालियों में छोड़ते हुए दो टैंकरों सहित एक गाड़ी को भी जब्त किया। महाप्रबंधक उद्योग एवं वाणिज्य विभाग भिवाड़ी एस एस खोरिया ने बताया कि संयुक्त जांच दल ने टैंकर में भरे अपशिष्ट पानी का सैंपल लेकर राजस्थान पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड भिवाड़ी की लैब में जांच हेतु भेजा गया। उन्होंने बताया इससे पूर्व भी औद्योगिक इकाई से निकले अपशिष्ट पानी को टैंकरों के माध्यम से खुले नालों में छोड़ती हुई एक इकाई को बंद कराया गया। उन्होंने यह भी बताया कि अवैध तरीके से औद्योगिक अपशिष्ट को खुले नालों में छोड़ने वालों पर निरंतर कार्यवाही रहेगी।

## जानलेवा हमले के दो आरोपी सहित नाबालिक को किया निरूद्ध

राजस्थान की राजनीति

**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** स्थानीय थाना पुलिस ने जानलेवा हमले के दो आरोपियो को दबोचा है। साथ ही एक नाबालिक को निरूद्ध किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 5 अप्रैल को थाना पुलिस में एक फरियादी द्वारा मामला दर्जकराया था की मेरी बहन घर में खाना बना रही थी। उसी समय एकराय होकर कृष्ण वगैरा निवासी ग्राम बैराहेडी थाना कोटकासिम घर आये तथा परिवादी पक्ष के साथ गाली-गलौच व अभद्र भाषा का प्रयोग किया। साथ ही मारपीट करने लगे। मारपीट करने पर चिल्लाने की आवाज पर खेतो में गेंहू काट रहे महिला का पति सोनू ससुर घीसाराम घर आये तथा बीच-बचाव करने लगे। लेकिन उन लोगो ने महिला के पति व सुर के साथ लोहे सरिये से मारपीट की जिससे दो महिला सहित चार लोगो को गंभीर चोटे आयी। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच की तथा थाना अधिकारी नन्दलाल जांगिड के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कृष्ण पुत्र मक्खनराम जाति गुर्जर उम्र 31 वर्ष, पूरण पुत्र मक्खनराम उम्र 21 वर्ष निवासी बैराहेडी थाना कोटकासिम को गिरफ्तार किसा तथा एक नाबालिक को निरूद्ध किया।

## सात कार्यालयों के निरीक्षण में 60 कार्मिक मिले अनुपस्थित



राजस्थान की राजनीति

**भरतपुर।** अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ब्रजेश कुमार चान्दोलिया बुधवार को सात कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया जिसमें 60 कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। अनुपस्थित पाये गये कार्मिकों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ने बताया कि प्रातः 9.42 बजे अतिरिक्त आबकारी आयुक्त कार्यालय का निरीक्षण किया गया, जिसमें कुल 06 अधिकारी, कर्मचारियों में से 02 कार्मिक अनुपस्थिति पाये गये। उन्होंने बताया कि जिला आबकारी आयुक्त कार्यालय का प्रातः 9.42 बजे निरीक्षण किया गया, जिसमें कुल 13 अधिकारी, कर्मचारियों में से 10 कार्मिक अनुपस्थिति पाये गये। संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा कार्यालय का प्रातः 09.52 बजे निरीक्षण किया गया जिसमें कुल 34 अधिकारी, कर्मचारियों में से 15 कार्मिक अनुपस्थिति पाये गये। उन्होंने बताया कि जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय का प्रातः 10.52 बजे निरीक्षण किया गया जिसमें कुल 20 अधिकारी, कर्मचारियों में से 9 कार्मिक अनुपस्थिति पाये गये। इसी प्रकार मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समग्र कार्यालय का प्रातः 09.52 बजे निरीक्षण किया गया, जिसमें कुल 10 अधिकारी, कर्मचारियों में से 07 कार्मिक अनुपस्थिति पाये गये। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी कार्यालय का प्रातः 10.30 बजे निरीक्षण किया गया, जिसमें कुल 17 अधिकारी, कर्मचारियों में से 02 कार्मिक अनुपस्थिति पाये गये। अधीक्षण अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग कार्यालय का प्रातः 10.30 बजे आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिसमें कुल 18 में से 15 उपस्थित पाये गये।

## 40 वाहनों के चालान 108 किलो प्लास्टिक कैरी बैग जप्त



राजस्थान की राजनीति

**भरतपुर।** जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव के निर्देषन में शहर में अतिक्रमण एवं प्लास्टिक कैरी बैग के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में बुधवार को उपखण्ड अधिकारी भरतपुर रवि कुमार के नेतृत्व में बिजलीघर से कुम्हेर गेट तक कार्यवाही करते हुये 40 वाहनों के चालान किये गये तथा 108 किलो प्लास्टिक बैग जप्त किये गये। उपखण्ड अधिकारी रवि कुमार ने बताया कि अभियान में दुकानदारों से समझाईष कर रोड पर अतिक्रमण नहीं करने एवं प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग नहीं करने के लिये निर्देषित किया गया। आम नागरिकों के सुरक्षित आवागमन के लिये रोड पर वाहनों को खडा नहीं करने की हिदायत दी गई। उन्होंने बताया कि जिला प्रषासन एवं नगर निगम के संयुक्त नेतृत्व में कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## बिना स्वीकृति के निर्माण कार्य करवाने वालों के खिलाफ होगी विभागीय कार्रवाई- कमलेश कुमार कुलदीप



राजस्थान की राजनीति

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** नगर पालिका हिंडोली द्वारा नगरिय क्षेत्र में अधिशाषी अधिकारी कमलेश कुमार कुलदीप के निर्देश पर बिना निर्माण स्वीकृती से हो रहे निर्माण कार्यों को बंद करवाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान अभियान के तहत नगर पालिका के कार्मिक आशिष श्रृंगी, रामपाल चांवरिया जमादार द्वारा कार्यवाही करते हुए बिना निर्माण स्वीकृती के भोजपुरा , छोटी फेक्ट्री व पुलिस थाने के सामने निर्माण कार्य चल रहे थे वहां से निर्माण सामग्री जप्त कर उन्हें पाबंद किया है। जिससे बिना स्वीकृति निर्माण कार्य करवाने वालों में हड़कंप मच गया । अधिशासी अधिकारी कमलेश कुमार कुलदीप का कहना है कि आगे भी बिना स्वीकृति के निर्माण कार्य करने वालों के खिलाफ ऐसी प्रभावी कारवाइयां होती रहेगी।

# पंडित रामकिशन शर्मा पूर्व सांसद पहुंचे कामां



राजस्थान की राजनीति

**भरतपुर।** पंडित रामकिशन शर्मा एक बार लोकसभा के लिए 1977 में और चार बार राजस्थान विधानसभा के लिए 1962, 1967, 1974 और 1990 में चुने गए। पंडित रामकिशन शर्मा का जीवन आंदोलन व जनसेवाओ में निकला है, जनता की जनसमस्याओं को लेकर वे आंदोलन करते आऐ है और भरतपुर के लिए पानी की मांग को लेकर भी उन्होंने आंदोलन किया था। समाजवादी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष भी रह चुके है पंडित रामकिशन शर्मा,आज पूर्व सांसद व चार ?बार विधायक रहे शताब्दी पुरुष पंडित रामकिशन शर्मा कामां पहुंचे जहां राजेन्द्र सिंह सरपंच कनवाड़ा के निवास पर राजनीतिक व विभिन्न मुद्दों पर चर्चाएं हुई पंडित रामकिशन शर्मा से मिलकर सभी मौजूद लोगों को अच्छा लगा व पुरानी यादें ताजा हो गई। पूर्व सांसद रामकिशन शर्मा बहुत ही नेक दिल इंसान है जो हमेशा जनता के सुख-दुख में समर्पित रहते है। इस मौके पर मोहना जिला पार्षद सदस्य, राजेंद्र सरपंच कनवाड़ा, करन सिंह सरपंच धमारी, पंडित रामजीलाल शर्मा भाजपा नेता, संतराम सिंह, मुन्ना सिंह, जितेंद्र सिंह पार्षद न. पा. कामां, निरपत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## दौसा विधायक मुरारी लाल मीणा ने मुख्य सचिव से मिले और दौसा कि विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु दिया पत्र

राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** दौसा विधायक एवं पूर्व मंत्री मुरारी लाल मीणा ने मुख्य सचिव राजस्थान सरकार से मिलकर दौसा विधानसभा की विभिन्न समस्याओं से संबंधित पत्र दिया इसमें जे जे एम योजना के तहत नियमित पानी सप्लाई नहीं होने से विधानसभा क्षेत्र में भयंकर जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है,विधायक ने पत्र में अवगत कराया की कहीं पर स्कीम संचालन हेतु पर्याप्त स्टाफ नहीं है तो कहीं पर उनका वेतन समय पर नहीं दिया जा रहा हैं । इस योजना का ग्राम पंचायत द्वारा भी विधिवत्त संचालन नहीं किया जा रहा है इस पर राज्य सरकार ध्यान दें ताकि जनता को पेयजल संकट से निजात मिल सके। ईश्वरदा पेयजल परियोजना के कार्य में गति प्रदान की जाए विधायक मुरारी लाल मीणा पत्र के माध्यम से मुख्य सचिव राज्य सरकार को अवगत करवाया है कि यह परियोजना जनता की लाइफ लाइन सिद्ध होंगी , इसके कार्य को गति दी जाए जिससे दौसा तथा सवाई माधोपुर जिले के पांच काशन 5 कस्बे एवं 1244 गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए ईसरदा बांध से लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि उक्त परियोजना की स्वीकृत की गई थी परियोजना के तहत राशि का आवंटन भी कर दिया गया था प्रथम पैकेज एवं द्वितीय पैकेज के अंतर्गत लगभग 68त्न कार्य पूर्ण कर लिया गया जबकि तृतीय पैकेज में लालसोट एवं दौसा क्लस्टर की निविदाओं का कार्य अभी तक नहीं किया गया जिसके कारण इस परियोजना का कार्य चालू नहीं हुआ जबकि संपूर्ण परियोजना का कार्य वर्ष 2024 में ही पूर्ण किया जाना है। परियोजना के कार्य में को गति प्रदान की जाए जिससे दोसा की जनता पेजर की गंभीर स्थिति से निजात पा सके। दौसा शहर का मुख्य पार्क के एम वाटिका रखरखाव के अभाव में बदहाली का शिकार हो रहा है विधायक मुरारी लाल मीणा ने मुख्य सचिव को अवगत कराया की नगर परिषद एवं पर्यटन विभाग द्वारा बनाई गई दौसा शहर में के एम वाटिका का रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि वाटिका का निर्माण पर्यटन विभाग प्रेम नगर परिषद दोसा द्वारा लगभग 125 बीघा जमीन भाकरी रोड दौसा पर पर आम जनता के लिए स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की दृष्टि से किया गया है जिसमें सेकंडों लोग प्रतिदिन आते जाते हैं,इसकी पक्की चार दिवारी ट्रैक गेट निर्माण करवाया जा चुके हैं उक्त भूमि में लगभग 7000 छायादार पेड़ भी लगाए गए थे जो सभी लग गए क्योंकि उनकी नियमित पानी व सार संभल होती थी लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि जो नगर परिषद इस पार्क का देखभाल कर रही थी उसके द्वारा नियमित पौधों में पानी दिया जा रहा था यह व्यवस्था विधानसभा चुनाव के बाद बंद कर दी गई ने तो पेड़ों में पानी दिया जा रहा है नई गेट पर चौकीदारी की व्यवस्था है जिसके कारण आवारा जानवर वह असामाजिक तत्व प्रवेश कर जाते हैं साथ ही पानी के अभाव में बहुत से पेड़ पौधे सूख गए। इस पार्क निर्माण पर पर्यटन विभाग नगर परिषद व विधायक निधि से लगभग 5 से 7 करोड रुपए व्यय चुका है यदि समय रहते इस समाधान की ओर ध्यान नहीं दिया गया तो सब व्यर्थ हो जाएगा। विधायक ने नगर परिषद पेड़ पौधों में नियमित पानी डलवाने एवं आवारा जानवरों से सुरक्षा के लिए पार्क के मुख्य द्वारों पर चौकीदार लगवाने की मुख्य सचिव से पत्र में मांग रखी है।

# लंबे समय से चल रहे प्रकरणों का जल्द किया जाए निस्तारण-जिला कलक्टर

### जिला कलक्टर ने किया एसडीएम ऑफिस सहित तहसील मुंडावर, सीएचसी मुंडावर का औचक निरीक्षण



राजस्थान की राजनीति

**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** खैरथल-तिजारा जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बुधवार को प्रातः साढ़े नौ बजे सीएचसी मुंडावर, एसडीम ऑफिस मुंडावर एवं तहसील मुंडावर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम कर्मचारियों की उपस्थिति का जायजा लिया व अनुपस्थित 5 कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए।सर्वप्रथम जिला कलेक्टर शुक्ला ने सीएचसी मुंडावर का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी एवं आईपीडी संख्या की जानकारी प्राप्त कर अस्पताल द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनको दी जाने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने जनरल वार्ड में मरीज के बेड पर बिछाई चद्दर गंदी होने पर नाराजगी जताते हुए तुरंत दूसरी चद्दर बिछाने के निर्देश दिए और आगे भी स्वच्छ चद्दर मरीजों को दी जाए यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाले मरीज एवं उनके परिजनों से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें। उन्होंने भर्ती मरीजों को भी प्रावधान के अनुरूप सभी सुविधा उपलब्ध करवाने को कहा। उन्होंने सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाओं से मरीजों को लाभ पहुंचाने का निर्देश भी दिया। जिला कलक्टर शुक्ला ने एसडीम ऑफिस एवं तहसील कि राजस्व शाखा, कोर्ट शाखा सहित अन्य शाखाओं का निरीक्षण कर रिकॉर्ड व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कन्वर्जन फाइल, अपील फाइलों सहित अनेक पत्रावलीयों की जांच की साथ ही लंबे समय से लंबित प्रकरणों का जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिए की 5 साल से अधिक समय से लंबित कोर्ट प्रकरणों पर ध्यान देते हुए उनका निस्तारण करे। जिला कलक्टर ने तहसील मुंडावर की सभी शाखाओं का निरीक्षण कर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने तहसील के सभी संधारित रजिस्टर की जांच की। जांच के दौरान कार्यालय संचालन मानक प्रक्रिया के अनुसार निर्धारित रजिस्टर एवं रिकॉर्ड का संधारण संतोषजनक नहीं पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को निश्चित समय अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए।

# जिले के एकमात्र डूंगरपुर के पंजाब नेशनल बैंक मे अमरनाथ यात्रा के होते हैं रजिस्ट्रेशन

### अमरनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं की मांग जिला मुख्यालय पर भी हो रजिस्ट्रेशन काउंटर




राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** हर व्यक्ति का एक बार अमरनाथ जाकर बर्फ से बने शिवलिंग का दर्शन करने का सपना होता है। लेकिन सुविधाओं के अभाव में कई लोग अमरनाथ यात्रा नहीं कर पाते हैं ।अमरनाथ यात्रा करने से पहले यात्री को रजिस्ट्रेशन करना पड़ता है तभी वह अमरनाथ यात्रा जा सकता है । इसके लिए दौसा मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर डूंगरपुर गांव में पंजाब नेशनल बैंक की ब्रांच से वर्षों से अमरनाथ यात्रा के होते लिए रजिस्ट्रेशन का जिम्मा सौंप रखा है। यह ऐसी ब्रांच है जहां पर अमरनाथ यात्रा की रजिस्ट्रेशन करने के लिए दौसा ही नहीं जयपुर, अलवर, भरतपुर, करौली, टोंक, सवाई माधोपुर सहित दूर दराज के जिले के लोग भी अमरनाथ यात्रा का रजिस्ट्रेशन करने के लिए पहुंचते हैं । लेकिन शाखा में सुविधाओं का टूटा है स्टाफ की भी कमी है और हर कोई आदमी इस ग्रामीण अंचल में पहुंच नहीं पता है। ऐसे में श्रद्धालुओं का कहना है कि अगर इस का रजिस्ट्रेशन काउंटर दौसा जिला मुख्यालय पर हो तो और भी अधिक यात्री रजिस्ट्रेशन कराकर अमरनाथ के दर्शन कर सकता है। लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं । ध्यान नहीं दे रहे हैं जबकि जिला मुख्यालय पर पंजाब नेशनल बैंक की बड़ी ब्रांच है और स्टाफ भी पर्याप्त है अगर रजिस्ट्रेशन जिला मुख्यालय की पंजाब नेशनल बैंक में किया जाए तो काफी लोगों को सुविधा मिलेगी और भटकना नहीं पड़ेगा और बड़ी संख्या में लोग अमरनाथ यात्रा का रजिस्ट्रेशन करा कर अमरनाथ यात्रा में शामिल हो सकते हैं । डूंगरपुर ब्रांच में भी बालटाल और चंदनवाड़ी से एक दिन में चार ही लोगों का रजिस्ट्रेशन किया जाता है। ऐसे में यात्रियों के लिए यह सुविधा उठ के मुंह में जीरा साबित हो रही है। ब्रांच मैनेजर विजय कुमार मीणा का कहना है कि ग्रामीण अंचल में होने के चलते हर कोई व्यक्ति यहां पहुंचने में असमर्थ है साथ ही स्टाफ की भी कमी है ऐसे में पर्याप्त मात्रा में लोगों की सुविधा नहीं मिल रही है और ब्रांच भी काफी समय से घाटे में चल रही है अगर यह ब्रांच जिला मुख्यालय पर हो तो बड़ी संख्या में लोगों का भला हो सकता है और बड़ी संख्या में लोग अमरनाथ यात्रा जा सकते हैं ।अमरनाथ यात्रा के रजिस्ट्रेशन करने गए यात्रियों का भी कहना है कि डूंगरपुर ब्रांच में रजिस्ट्रेशन करने के लिए काफी भीड़ रहती है और हर कोई व्यक्ति यहां पहुंच नहीं पता है । यहां दौसा सहित आसपास के जिले के लोग भी रजिस्ट्रेशन करने आते हैं अगर मुख्यालय पर एक रजिस्ट्रेशन काउंटर और खोल दिया जाए तो लोगों को काफी सुविधा मिलेगी और बड़ी संख्या में लोग अपनी मनोकामना भी अमरनाथ यात्रा का पूरी कर सकते हैं।

# अतिरिक्त निदेशक कृषि विस्तार खण्ड जयपुर एल0 एन0 बैरवा ने ली जिले के अधिकारियों की वैठक

### आगामी खरीफ सीजन में फसलों में सफेद लट व फड़का नियंत्रण की दी तकनीकी जानकारी

### किसानों को विभागीय योजनाओं से समय पर लाभान्वित करने के फील्ड स्टाफ को दिये निर्देश



राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** कृषि विभाग के जिला स्तरीय प्रशिक्षण हॉल में बुधवार को जिले के सहायक कृषि अधिकारी एवं कृषि पर्यवेक्षकों की मासिक कलस्टर बैठक आयोजित की गई । अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार) जयपुर खण्ड जयपुर एल0 एन0 बैरवा ने बताया कि वैठक में योजना प्रभारियों द्वारा सहायक कृषि अधिकारियों व कृषि पर्यवेक्षको को कृषि एवं उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं जैसे फार्म पौंड , कांटेदार तारबंदी ,कृषि यंत्र ,सिंचाई पाइप लाइन, चाफ कटर , नेपियर घास , कंपोस्ट यूनिट ,परंपरागत कृषि विकास योजना ,सौलर संयंत्र, पॉली हॉउस , फव्वारा संयंत्र ,बगीचा स्थापना ,ड्रिप सहित विभिन्न योजनाओं के बारे जानकारी दी गयी व किसानों तक योजनाओं के प्रचार- प्रसार करने के निर्देश प्रदान किये गए। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार दौसा डॉ प्रदीप कुमार अग्रवाल ने आगामी खरीफ सीजन में सफेद लट व फड़का नियंत्रण की जानकारी दी व किसानों को सफेद लट नियंत्रण की जानकारी हेतु पंचायत स्तर पर किसान संगोष्ठी आयोजित करने के निर्देश दिए गए। उपनिदेशक उद्यान दौसा डॉ हेमराज मीना ने उद्यान विभाग की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गयी। कृषि अधिकारी दौसा अशोक कुमार मीणा ने विभाग द्वारा संचालित कांटेदार तारबंदी योजना के बारे में जानकारी दी गई ।कृषि अधिकारी (फसल) दौसा धर्म सिंह गुर्जर ने फार्म पौंड निर्माण, फसल प्रदर्शन, मिनिट्स आयोजन, परंपरागत कृषि विकास योजना, नेपियर घास, कंपोस्ट यूनिट आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई ।सुरज कंवर कृषि अधिकारी (पौ0 स)) दौसा ने पाईप लाइन व कृषि यंत्र योजना के बारे में जानकारी दी गयी । उनिदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक आत्मा दौसा नवल किशोर मीना ने सभी सहायक कृषि अधिकारी एवं कृषि पर्यवेक्षको को क्षेत्र में उपस्थित रहकर किसानों से नियमित संपर्क कर विभाग की योजनाओं से पात्र एवं इक्छुक किसानों को समय पर लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। उपनिदेशक कृषि(सामान्य) जयपुर खण्ड जयपुर कल्याण सहाय डोडवाडिया ने आदान गुण नियंत्रण के बारे में जानकारी दी गयी। कृषि अन्वेषक दौसा घासीराम मीना ने फसल कटाई प्रयोग आयोजन के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर जिले के सहायक कृषि अधिकारी व कृषि पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

# दौसा मे लव जिहाद का मामला आया सामने, पहचान छुपा कर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म व गर्भपात का आरोप




राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** दौसा में लव जिहाद का मामला सामने आया है। मंगलवार को पीड़िता द्वारा एसपी रंजीता शर्मा के पास पेश होकर परिवार दिया था।परिवाद देने के बाद महिला थाना दौसा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में छूट गई है। वहीं महिला थाना अधिकारी सीता देवी ने बताया कि जो परिवाद मेरे पास आया है मैंने उसे में प्रकरण दर्ज़ किया है। पीड़िता ने बताया कि वह इंदिरा रसोई में काम करने जाती थी जहां पर बहुत सारे लड़के काम करते थे।जहां पर एक लड़के ने अपना नाम अमन बताया उससे मेरी जान पहचान हो गई और बातचीत होने लग गई। शादी का झांसा देकर मेरे साथ दुष्कर्म किया और अगस्त 2023 में गर्भवती हो गई। उसने मेरा गर्भपात भी करवा दिया। उसे वक्त मुझे पता चला कि उसका नाम अमन नहीं उसका नाम रशीद है जो यूपी का रहने वाला है। फिर उसने मुझे वापस फ़रवरी में बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर दोबारा मेरे साथ दुष्कर्म किया फिर मैं दोबारा गर्भवती होने पर मेरा गर्भपात कराया और मैंने उसे पर शादी करने का दावा बनाया तो उसने अपना फोन बंद कर लिया और मुझसे बात करना बंद कर दिया। मुझे जान से मारने की धमकी दी। इस प्रकरण में महिला थाना द्वारा अनुसंधान किया जा रहा है।

## सिविल लाइन के पास लावारिश हाल में खड़ी बंद लग्ज़री कार में लहूलहान मिला तस्करी के लिए ले जा रहा गोवंश

### कार से कई अलग-अलग नंबर प्लेट भी पुलिस ने की बरामद



राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** अब गोवंश की तस्करी भी लग्जरी गाड़ियों में होने लगी है। ऐसा ही मामला दौसा कोतवाली थाना क्षेत्र के सिविल लाइन के पास लावारिस हाल में मिली कार से एक गोवंश भी बरामद हुआ है। कार में गोवंश के चारों पांव बांधकर रखा था। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने कार को जप्त कर लिया और कार में मिले गोवंश को गौशाला के सुपुर्द कर दिया। जहां पर उसका उपचार जारी है। दौसा कोतवाल हीरालाल सैनी ने बताया कि सिविल लाइन के पास लावारिश हाल में एक कार कड़ी है जिसमे गोवंश को बांध कर पटक रखा है। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर कार को जप्त कर लिया। और कार से गोवंश को बरामद गौशला को सुपुर्द कर दिया। कार से पांच नंबर प्लेट में मिली है जिनके आधार पर पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है। संभावित कार खराब हो गई या फिर इसमें तेल खत्म हो गया। जिसके चलते कार को तस्कर इसे वहीं पर छोड़कर फरार हो गये। और कार से गोवंश की तस्करी करते थे।

## दौसा में घूसखोर ग्राम विकास अधिकारी नितेश शर्मा 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

### विद्या के मंदिर में बने कमरों और नालो निर्माण के बिल पास करने के अवेज में मांगी थी रिश्वत



राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** दौसा में एक बार फिर एसीबी ने रिश्वत के मामले में कार्रवाई की है। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर एसआईयू जयपुर इकाई द्वाराबुधवार को दौसा में कार्यवाही करते हुये नितेश शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत ब्राह्मण बैराड़ा पंचायत समिति सिकन्दरा जिला दौसा को परिवादी से 15 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस हेमन्त प्रियदर्शी (अतिरिक्त चार्ज महानिदेशक) ने बताया कि ए.सी.बी. की एसआईयू जयपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि स्कूल में कमरों एवं नालों के निर्माण कार्य के बिलों का भुगतान करने की एवज में नितेश शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत ब्राह्मण बैराड़ा पंचायत समिति सिकन्दरा जिला दौसा द्वारा बतौर कमीशन 32 हजार 500 रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय रणधीर सिंह के सुपरवीजन में एसीबी की एसआईयू जयपुर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप सारस्वत के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज पुलिस निरीक्षक सज्जन कुमार द्वारा मय टीम के दौसा में ट्रेप कार्यवाही करते हुये आरोपी नितेश शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत ब्राह्मण बैराड़ा पंचायत समिति सिकन्दरा जिला दौसा को परिवादी से 15 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

चिंतन

# सामान्य सी खबर नहीं है बहुत ज्यादा गर्मी पड़ना

इस साल बहुत ज्यादा गर्मी पड़ेगी, पढ़ने और सुनने को यह सामान्य खबर ही लगती है, लेकिन अगर इसके मायनों को देखेंगे तो भविष्य में आने वाले गंभीर खतरे नजर आते हैं। जो न केवल मानव जाति बल्कि पूरी धरा के लिए बहुत बुरे होंगे। इसका असर न केवल धरती के समूचे मौसम चक्र और कालांतर में मनुष्य के जीवन चक्र पर पड़ेगा और सब कुछ उलट-पलट कर रख देगा। इसके चलते कहीं बेमौसम बारिश और कहीं भयानक गर्मी पड़ने की आशंका है। दुनिया विकास के नाम पर संसाधनों का दोहन करते हुए जिस तरह आगे बढ़ रही है, वैज्ञानिकों का मानना है कि 2050 तक दुनिया का तापमान डेढ़ डिग्री सेल्सियस बढ़ जाएगा। इसके बाद अगले पचास सालों में दुनिया का तापमान दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है। आप भविष्य की तरफ न जाकर भूतकाल को ही देखेंगे तो औद्योगिकीकरण से पहले के काल की तुलना में 2023 में धरती का औसत तापमान 1.45 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है और बुरे परिणाम में आने शुरू हो गए हैं। गलेशियर लगातार पिघल रहे हैं और धरती पर पानी में मात्रा में लगातार इजाफा हो रहा है। जिससे दुनिया के अनेक शहरों का पानी के गर्त में समा जाने का खतरा पैदा हो गया है। सबसे ज्यादा चिंता की बात तो यह है कि मौसम खुद को जितनी तेजी से बदल रहा है, हम मानव उतनी तेजी से अपना व्यवहार नहीं बदल पा रहे। शायद हम मनुष्य इस बात को नहीं समझ पा रहे कि मौसम हमारे द्वारा बनाई गई सीमाओं को नहीं मानता। मौसम की चेतावनी पूरी धरती के लिए, अर्थात इस धरती पर रहने वाले, पलने वाले, फलने-फूलने वाले, हर चल-अचल के लिए है। इसलिए पर्यावरण के बारे में वर्ल्ड लीडरों की भाषणबाजी से ज्यादा प्रत्यक्ष रूप से अपने आचरण में ठोस बदलाव की जरूरत है। इस बात को गंभीरतापूर्वक समझना होगा कि अगर मौसम के बदलने की रफ्तार तेज है तो हमें भी अपने कार्बन उत्सर्जन के मानकों और उद्देश्यों को तेजी से नए सिरे से निर्धारित करना होगा। न सिर्फ कार्बन उत्सर्जन, बल्कि मीथेन और नाइट्रेड ऑक्साइड भी नई चुनौती है। चीन के बाद भारत ही सबसे ज्यादा मीथेन का उत्सर्जन करता है। इसकी बड़ी वजह हमारा पशुधन है। पशुधन को बचाते हुए मीथेन को नियंत्रित करना होगा। विकास और पर्यावरण में संतुलन जैसी बाज़ारवादी संकल्पनाओं को कुछ समय के लिए विराम देना होगा। लेकिन दुर्भाग्य से इस दिशा में मानव समाज की कोई ठोस तैयारी दिखाई नहीं देती। यही वजह है कि इन दिनों धरती को आहत करने वाले चक्रवाती तूफानों की संख्या में कुछ वर्षों से तेजी से इजाफा हुआ है। कौन उत्तराखंड में तबाही के मंजर को कौन याद करना चाहेगा या फिर भूकंप की त्रासदी को भूल पाएगा। हर साल कोई न कोई चक्रवाती तूफान धरती के किसी न किसी हिस्से को तहस-नहस कर दे रहा है, लेकिन हम आपनी जीवन शैली में कोई सुधार करने को तैयार नहीं हैं। अब फिर आईएमडी का कहना है कि राष्ट्रीय राजधानी समेत उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में मई के महीने में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा रह सकता है। इस दौरान दो से चार दिन लू चल सकती है। बेहाल करने वाली गर्मी होगी। इशारा साफ है कि हम अंधिकार की ओर बढ़ रहे हैं। अगर अब भी सुधरे तो बहुत देर हो जाएगी।



वैक्सीनेशन
डॉ. रमेश ठाकुर

कोरोना वैक्सीन निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका द्वारा साइड इफेक्ट को लेकर कोर्ट में सरेआम कबूल कर लेने के बाद बीते एकाध दिनों से पूरे संसार में इसी को लेकर चर्चाएं हो रही हैं। भारत में ही नहीं, बल्कि विश्व में कोरोना के बाद कुछ ऐसा हुआ है कि कम उम्र और बिल्कुल तंदुरुस्त और चंगे भले इंसानों को अचानक हार्ट अटैक होना आरंभ हुआ। हालांकि भारत के वैज्ञानिक और चिकित्सक इस पर सहमत नहीं हैं कि इन मौतों का संबंध कोरोना के टीके से है, पर ब्रिटिश कोर्ट ने विशेषज्ञों को नए सिरे से सोचने पर मजबूर कर दिया है। अब जिम्मेदारी हुकूमत की बनती है कि लोगों के मन में कोविशील्ड को लेकर पनप चुके डर को कैसे भी दूर करें?

# कोविशील्ड के भय को दूर करे सरकार

कोरोना वैक्सीन निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका द्वारा साइड इफेक्ट को लेकर कोर्ट में सरेआम कबूल कर लेने के बाद बीते एकाध दिनों से पूरे संसार में इसी को लेकर चर्चाएं हो रही हैं। भारत में ही नहीं, बल्कि विश्व में कोरोना के बाद कुछ ऐसा हुआ है कि कम उम्र और बिल्कुल तंदुरुस्त और चंगे भले इंसानों को अचानक हार्ट अटैक होना आरंभ हुआ। सांस्कृतिक मंचन हो, या शादी-ब्याह, पार्टी फंक्शनों में लोगों के नाचने के दौरान गश खाकर गिरना और उसके तुरंत बाद मौत हो जाना? करीब दो-तीन सालों ऐसी मौतें सभी के लिए पहेली बनी हुई हैं। एस्ट्राजेनेका की स्वीकरोक्ति के बाद अब संदेह और गहरा गया है। ऐसा दावा है कि ये सब कोविशील्ड टीके के साइड इफेक्ट के चलते हो रहा है। भ्रम है या हकीकत? ये तो कोई नहीं जानता, पर कोविशील्ड कंपनी के खुलासे ने ये दर्शा दिया है कि भविष्य में टीकाधारकों को साइड इफेक्ट हो सकता है। जबकि, इस वैक्सीन के इस्तेमाल के आंकड़े देखें तो सिर्फ भारत में ही एक अरब 17 करोड़ का है जिसे कोरोना के बाद लोगों ने बचाओ को ध्यान में रखकर लगवाया था। पूरे संसार की बात करें, तो ये आंकड़ा ढाई से तीन अरब तक पहुंचता है।

गौरतलब है कि कोविशील्ड कंपनी एस्ट्राजेनेका ने जब से ब्रिटिश कोर्ट में जज के समक्ष यह स्वीकारा है कि उनके टीके के इस्तेमाल से 'ब्लड क्लॉटिंग' यानी खून के थक्कों के जमने की प्रबल संभावनाएं हैं। जब से चारों तरफ हंगामा मचा हुआ है। उनकी इस स्वीकारोक्ति से संसार भर में दहशत का माहौल है, जिन्होंने कोरोना से बचने के लिए कोरोनाकाल में कोविशील्ड का टीका लगवाया था, वे सब अब बुरी तरह से डरे हुए हैं। लोग चिकित्सकों से परामर्श करने में लगे हुए हैं। हालांकि, तसल्ली इस बात की है कि भारत के लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। भारतीय चिकित्सा तंत्र ने इसे मात्र भ्रम ही बताया है। उन्होंने फिलहाल वैक्सीन को सुरक्षित बताते हुए, भरोसा दिया है कि अगर साइड इफेक्ट देखें भी तो उस पर काबू पाने में हमारा हेल्थ सिस्टम सक्षम है। सरकार की ओर से भी यही बताया गया है, पर लोगों के भीतर बैठ चुका डर निकलने का नाम नहीं ले रहा, इसलिए इसे लेकर तरह तरह की बातें हो रही हैं।

इसे लेकर जब इतना हंगामा मचा हुआ है तो ये जानना भी आवश्यक हो जाता है कि आखिर एस्ट्राजेनेका का मामला कोर्ट तक पहुंचा कैसे? दरअसल, ब्रिटिश नागरिक 'जैमी स्कॉट' ने एस्ट्राजेनेका कंपनी के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा दर्ज करवाया था। उन्होंने अप्रैल-2021 में कोविशील्ड के टीके लगवाए थे जिसके बाद वह स्थायी तौर पर मस्तिष्क से क्षतिग्रस्त हो गए। जैमी स्कॉट समेत कई अन्य कई लोग भी थ्रोम्बोसिस नामक दुर्लभ बीमारी से ग्रस्त हो गए। तभी इन सभी ने मिलकर कंपनी के खिलाफ कोर्ट में केस दर्ज करवा दिया। उसके बाद इस दिग्गज दवा कंपनी ने कोर्ट में वैक्सीन के कारण गंभीर स्वास्थ्य जटिलताएं पैदा होने की बात स्वीकार ली। कोर्ट ने कंपनी को प्रभावित लोगों को 10 करोड़ पाउंड हर्जाने देने का आदेश भी दिया है।



इस खुलासे के बाद कोविड-19 की अन्य वैक्सीन जैसे फाइजर, मॉडर्ना भी सवालों के घेरे में हैं। ऐ कंपनियां भारत में उस वक्त खूब एक्टिव थी। इन्हें भी अपने टीकों के संबंध में अब जवाब देना होगा, क्योंकि मसला वैश्विक स्तर पर जो गर्मा चुका है।

गौरतलब है कि, जब कोरोना दुनियाभर में कहर बरपा रहा था, पूरी दुनिया इसके चपेट में थी। तब, कोविशील्ड को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा ईजाद किया गया। वैसे भी कम ही लोग जानते होंगे कि वैक्सीन को कोविशील्ड नाम भारत ने ही दिया था। एस्ट्राजेनेका वैक्स जोब्रिया टीके का निर्माण भारतीय फार्मा कंपनी 'सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया' यानी एसआईआई ने भी अपने स्तर से किया था। टीका बनने के बाद बाकायदा उसका ट्रायल हुआ था। सबसे पहले चूहों पर प्रयोग किया गया। उसके बाद एकाध गंभीर मरीजों को टीके चढ़ाए गए, जिसका रिजल्ट बेहतरीन पाया गया। फिर, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की स्वीकृति मिली, उसके बाद भारतीय वैज्ञानिकों और चिकित्सकों के संयुक्त पैनल की देखरेख में मुकम्मल जांच पड़ताल की गई, उसके बाद कहीं जाकर टीकों को मरीजों में लगवाना आरंभ हुआ।

हां, इतना जरूर है कोविशील्ड को ब्रिटिश में आनन-फानन में नियमों के विरुद्ध जल्दबाजी में बिना ट्रायल के लोगों को टीका देना शुरू कर दिया गया था। ये बात वहां की हुकूमत ने भी अदालत में स्वीकारी है, इसलिए एस्ट्राजेनेका का ये कहना सच साबित होता है कि वैक्सीन बहुत दुर्लभ मामलों में टीटीएस का कारण बन सकती है। चिकित्सकों के मुताबिक इसे लंबे ट्रायल की आवश्यकता थी। जो उस वक्त नहीं किया गया। इसकी जवाबदेही फार्मा कंपनी की ही बनती है। जब उन्हें ये पता था कि इसके दुष्परिणाम भविष्य में अच्छे नहीं होंगे? तो क्यों लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने की इजाजत उन्होंने दी। कई ऐसे अहम सवाल हैं जिनके जवाब बिंदुवार तरीके से अब एस्ट्राजेनेका कंपनी को ही देने होंगे। ऐसे में भारतीय चिकित्सकों को चाहिए कि अगर इस टीके से साइड इफेक्ट की उन्हें जरा भी संभावनाएं नजर आती हैं तो उसका तोड़ बिना देर किए अभी से खोजने शुरू कर देने चाहिए, ताकि मानव समाज के जीवन को सुरक्षित बनाया जा सके।

कोरोना से जब संसार तकरीबन-तकरीबन हार चुका था। सभी को अपने जीवन को बचाने के लिए जूझना पड़ रहा था। तब, एस्ट्राज़ेनेका ने वैश्विक साझेदारों के साथ वैश्विक स्तर पर वैक्सीन की तीन बिलियन खुराक बनाई। सरकारों ने उन्हें बाकायदा लक्ष्य दिया हुआ था। जल्दबाजियां हुई थी, जिसे स्वीकारा जा चुका है। उन्हीं की भांति भारत में भी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंडिया ने कोविशील्ड टीके का उत्पादन युद्ध स्तर पर किया था और उन्हें भारत सरकार को सौप दिया। कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए एस्ट्राजेनेका ने ऑक्सफोर्ड के साथ मिलकर कोविड वैक्सीन बनाई थी। वहीं, भारत में वैक्सीन बनाने वाली कंपनी सीरम इंस्टिट्यूट ने एस्ट्राजेनेका के साथ समझौता करके कोविशील्ड वैक्सीन बनाई। इसके बाद देश में आधे से अधिक लोगों को कोविशील्ड वैक्सीन लगाई गई। कुछ अन्य कंपनियों की वैक्सीन को भी लोगों ने लगवाया था, लेकिन असर सबका एक जैसा ही दिखाई पड़ता है। हालांकि भारत के वैज्ञानिक और चिकित्सक इस मत में कतई नहीं हैं कि अचानक होती मौतों का संबंध कोरोना के टीकों से है, पर ब्रिटिश कोर्ट के मामले ने विशेषज्ञों को नए सिरे से सोचने पर मजबूर कर दिया है। भारतीय चिकित्सक भी इसकी खोज में लग गए हैं। यहां जिम्मेदारी अब हुकूमत की बनती है कि लोगों के मन में कोविशील्ड को लेकर पनप चुके डर को कैसे भी दूर करे?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं बाल अधिकार कार्यकर्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विश्लेषण
आर.के. सिन्हा



# भारत से कारोबारी संबंधों की बहाली क्यों चाहता है पाक


पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने अपने देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति पर विचार करने के लिए बीती 26 अप्रैल को अपने मुल्क के उद्योगपतियों से कराची में मुलाकात की। इस दौरान पाकिस्तान के चोटी के उद्योगपति और आऱिफ हबीब ग्रुप के चेयरमेन आरिफ हबीब ने शाहबाज शरीफ से पुरजोर गुजारिश की कि पाकिस्तान भारत के साथ अपने व्यापारिक संबंध तुरंत बहाल करे। पाकिस्तान के अखबार द डॉन ने 25 अप्रैल, 2024 को इस खबर को प्रमुखता के साथ छापा भी है। उस वक्त वहां पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और देश के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के समधी इशाक डार भी मौजूद थे। डार ने पिछले महीने ही कहा था कि उनका मुल्क भारत से व्यापारिक संबंध बहाल करना चाहता है। उधर, भारत का मानना है कि व्यापार को द्विपक्षीय संबंधों के सामान्यीकरण के एक हिस्से के रूप में देखा जाना चाहिए। इसके लिए, पाकिस्तान को आतंकवाद पर लगाम लगानी होगी। भारत का यह भी मानना है कि आतंकवाद के मुद्दे पर ठोस कदम उठाए बिना व्यापार शुरू करना संभव नहीं है। दरअसल पाकिस्तान के नेताओं की भारत के साथ व्यापार शुरू करने की इच्छा कोई नई बात नहीं है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट से जूझ रही है। यह सब जानते हैं। भारत के साथ व्यापार, विशेष रूप से चीनी और कपास जैसे उत्पादों का आयात बंद होना, पाकिस्तान के लिए महंगा पड़



रहा है, क्योंकि उसे ये उत्पाद दुबई जैसे देशों से मंगवाने पड़ते हैं। पाकिस्तान के व्यापारिक समुदाय का मानना है कि भारत के साथ सीधा व्यापार आर्थिक विकास को गति दे सकता है। अफ़गानिस्तान और ईरान के साथ तनावपूर्ण संबंधों ने भी पाकिस्तान की आर्थिक समस्याओं को और बढ़ा दिया है। यह भी देखना होगा कि ईरान के नेता की हालिया इस्लामाबाद यात्रा से दोनों देश कितने करीब आते हैं। भारत और पाक के बीच व्यापार दोनों देशों के सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। व्यापार, राजनीतिक मुद्दों पर व्यापक और सार्थक चर्चा के लिए भी एक प्रारंभिक कदम हो सकता है। हालांकि दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों में जल्द सुधार की संभावना भी नहीं है, क्योंकि अभी तो भारत में लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। इस बीच, भारत को पाकिस्तान के साथ व्यापारिक संबंधों की बहाली करने से कोई बहुत लाभ नहीं होगा। अगर दोनों पड़ोसियों में व्यापारिक संबंध स्थापित होते हैं, तो इससे पाकिस्तान को ही बड़ा लाभ होगा। भारत की चिंता वाजिब है। भारत सरहद पार से होने वाले आतंकवाद का भुक्तभोगी रहा है, इसलिए वह कोई भी कदम बहुत सोच-समझकर ही उठाएगा। अब पाक लाख चाहे पर, पर भारत उससे व्यापारिक संबंधों को लेकर कतई उत्साहित नहीं है। पाक ने ही भारत के साथ अपने आर्थिक संबंधों को खत्म कर लिया था जब नरेंद्र मोदी सरकार ने 2019 में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को खत्म किया था। तब से पाक के कुछ नेता कहते रहते हैं कि जब तक धारा 370 की बहाली नहीं होगी तब तक वह भारत से संबंध बहाल नहीं करेगा। पिछले दिनों पाकिस्तान में शाहबाज शरीफ की प्रधानमंत्री के रूप में ताजपोशी के बाद यह तय ही था कि वहां भारत से व्यापारिक संबंध शुरू करने की पहल चालू होगी। खराब आर्थिक नीतियों और सेना के भारी बजट के कारण पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था तार- तार हो चुकी है। वह विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), सऊदी अरब, चीन वगैरह के आगे मदद की आस में रहता है। विश्व बैंक ने 2018 में अनुमान लगाया था कि अगर पाकिस्तान का भारत के साथ व्यापार अपनी क्षमता तक पहुंच जाता है तो उसका निर्यात लगभग 25 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। पाकिस्तान में पूर्व भारतीय उच्चायुक्त और प्रसिद्ध पुस्तक 'एंगर मैनेजमेंटः द ट्रबल्ड डिप्लोमैटिक रिलेशनशिप बिटवीन इंडिया एंड पाकिस्तान' के लेखक अजय बिसारिया कहते हैंः 'अगर भारत-पाकिस्तान में तिजारती संबंध शुरू होते हैं तो पाकिस्तान के कपड़ा और फार्मास्युटिकल क्षेत्रों को तगड़ा लाभ होगा।' सोशल मीडिया के इस दौर में पाकिस्तानी अवाम पड़ोसी भारत के विकास की रफ्तार को बारीकी से देख रहा है। शरीफ जानते हैं कि अब दुनिया युद्ध के रास्ते पर नहीं चल सकती है, क्योंकि; युद्ध विनाश का पर्यायवाची है। पाकिस्तान की भारत के साथ तिजारत की चाहत पूरी हो सकती है, अगर वह आतंकियों की गोद से मुक्त होकर भारत की चिंताओं का समाधान करे।

(लेखक पूर्व भाजपा सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## ईश्वर की प्राप्ति



संकलित
दर्शन

जड़ जगत की रचना के लिए ईश्वर की जो शक्ति काम करती है, उसे प्रकृति कहते हैं और चैतन्य जगत की रचना करने वाली शक्ति को जीव कहते हैं। जिस प्रकार दोनों हाथ एक ही शरीर के दो भाग हैं, उसी प्रकार जीव और प्रकृति दोनों ही ईश्वरतत्व के दो अंश हैं। अध्यात्म तत्व के जिज्ञासु जिस ईश्वर की उपासना करते हैं, असल में वह अखिल आद्यशक्ति का सतोगुणी अंश है। मानवीय उन्नति तो सत्व गुणों को प्राप्त करने से ही हो सकती है। इसलिए उन उच्च गुणों की एक मानसिक प्रतिमा बनाकर उपासना करने का विधान किया गया है। ईश्वर का सत्व गुण अदृश्य रूप से हमारे निकट ही वर्तमान है। उसे अधिक मात्र में खींचकर अपने अंदर भर लेने के लिए प्रेम, श्रद्धा, विश्वास और ध्यान अभ्यास की आवश्यकता होती है। इन्हीं चारों के समन्वय को 'उपासना' कहा जाता है। उपासना जितनी ही प्रबल होगी, आकर्षण भी वैसा ही सशक्त होगा और उसी के अनुसार उपास्य देवतत्व की प्राप्ति होगी। प्रेम, दया, करुणा, सहानुभूति, उदारता, त्याग, समता और न्याय आदि सद्गुणों का निष्ठापूर्वक जितना अधिक चिंतन किया जाता है, उतनी अधिक उनकी प्राप्ति होती है। उन्नति का क्रम तम से सत की ओर चलना है। जिसने जितना ही सत्गुण अपने में धारण कर लिया, आध्यात्मिक दृष्टि से वह उतना ही उन्नतिशील कहा जाएगा। यदि एक भक्त सत्तत्व की उपासना करता है तो कोई कारण नहीं कि उसे वह प्राप्त न हो। ईश्वर की उपासना का तात्पर्य उसके दिव्य सत तत्व की आराधना है।

## योजना बनाकर किए काम में मिलती है सफलता



संकलित
प्रेरणा

रामायण में देवी सीता का हरण हो गया था। श्रीराम और लक्ष्मण सीता को खोज रहे थे। राम-लक्ष्मण उस जंगल में पहुंच गए, जहां सुग्रीव बाली की डर से छिपे हुए थे। सुग्रीव के साथ ही हनुमान जी भी थे। सुग्रीव ने दो राजकुमारों को देखा तो वे डर गए। सुग्रीव ने सोचा कि बाली ने मुझे मारने के लिए इन्हें यहां भेजा है। सुग्रीव ने हनुमान जी से कहा कि आप देखिए वहां दो राजकुमार दिख रहे हैं, वहां जाकर मालूम करो कि कहीं ये हमारे शत्रु तो नहीं हैं। अगर वे शत्रु हैं तो वहीं से इशारा कर देना, हम यहां से कहीं और भाग जाएंगे। अगर वे मित्र हैं तो वहीं से इशारा करना, हम यहीं रुक जाएंगे। हनुमान जी सुग्रीव की आज्ञा पाते ही उन दोनों राजकुमारों के सामने पहुंच गए। हनुमान जी वेष बदलकर गए थे। हनुमान जी ने बुद्धिमानी का उपयोग करते हुए अपना सही परिचय बताए बिना राम-लक्ष्मण की परख की। जब हनुमान जी को मालूम हुआ कि ये राम-लक्ष्मण हैं तो वे अपने असली रूप में आ गए और सुग्रीव को इशारा कर दिया कि ये हमारे शत्रु नहीं हैं। हनुमान जी ने राम-लक्ष्मण से कहा कि आप मेरे राजा सुग्रीव के पास चलिए और उनसे मित्रता कर लीजिए। हनुमान जी राम-लक्ष्मण को लेकर सुग्रीव के पास पहुंचे और इनकी मित्रता कराई। हनुमान जी समझ गए थे कि इन दोनों की समस्याएं एक-दूसरे की मदद से हल हो सकती हैं। इस मित्रता के बाद श्रीराम ने बाली वध किया और सुग्रीव को राजा बना दिया। इसके बाद सुग्रीव ने अपनी पूरी वानर सेना सीता की खोज में लगा दी।

## सटाका




## आज की पाती

### मजदूरों को सेवानिवृत्ति के बाद मिले पेंशन

एक मई को हर साल मजदूर दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर कई प्रोग्राम होते हैं, लेकिन मजदूरों की वास्तविक स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं है। कारण यह है कि उन्हें मेहनत के अनुसार पगार नहीं मिलती है। इसलिए मजदूरों को उनके बुढ़ापे में सरकार की ओर से प्रति माह 15,000 हजार रुपए की पेंशन दी जानी चाहिए। इससे सरकारी कोष पर कुछ बोझ जरूर पड़ेगा, लेकिन जब कुछ राज्यों में सरकारी कर्मचारियों को ओपीएस दी जा सकती है, तो मजदूरों के कल्याण के लिए सरकारों को यह बोझ भी वहन कर लेना चाहिए। इससे मजदूरों को बुढ़ापे की जो चिंता होती है, वह खत्म हो जाएगी और उनके चेहरों पर मुस्कान फैलेगी। ऐसी स्थिति में मजदूर अपने बच्चों की मनचाही पढ़ाई करवा सकेंगे। – *सचिन पाठक, महासमुंद*

## ट्रेंड

### युवतियों के लिए क्या किया



ओडिशा में 5 बार मुख्यमंत्री बनने के बाद बी. गंजम जिले के एंटदिशाल और हिन्जिली उनका मुख्य मुख्यालय बने। मुख्यमंत्री ने हिंजिली के लिए याचिका दायर की। इस पर एक श्वेत पत्र प्रकाशित लाना चाहिए कि उनके 24 वर्षों के शासन के दौरान हिंजिली की युवतियों के रोजगार के लिए क्या किया।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### कब्रों की रिपोर्टों से चिंतित



गाजा में सामूहिक कब्रों की रिपोर्टों से चिंतित हूं। स्वतंत्र जांचकर्ताओं को पहुंच की अनुमति दी जानी चाहिए। मृतकों के परिवारों को यह जानने का अधिकार है कि क्या हुआ। दुनिया को अंतरराष्ट्रीय कानून के उल्लंघन के लिए जवाबदेही का अधिकार है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### मोदी ने चुप्पी साध ली



कर्नाटक में महिलाओं के साथ हुए वीभत्स अपराध पर भी नरेंद्र मोदी ने चुप्पी साध ली है। प्रधानमंत्री को जवाब देना होगा- सिर्फ वोटों के लिए उन्होंने सैकड़ों बेटियों का शोषण करने वाले हैवान का प्रचार क्यों किया?आखिर इतना बड़ा अपराधी साथ देश से फरार कैसे हो गया?

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### जीवन को मुस्कुराहट से गिनें



अपने बगीचे को फूलों से गिनें, कभी पत्तों के गिरने से नहीं; अपने दिनों को सुनहरे घंटों से गिनें, बादलों को बिल्कुल याद मत करो! रात को तारों से गिनें, परछाइयों से नहीं अपने जीवन को मुस्कुराहट से गिनें- आंसुओं से नहीं।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

हिन्दी समाचार पत्र
राजस्थान की राजनीति
राजस्थान की राजनीति आपकी आवाज़ के साथ
राजस्थान के सभी जिलों से खबरें एवं विज्ञापन कार्य हेतु प्रतिनिधि बनने के लिए सम्पर्क करें
7610866001
Email : hr.tniawaaz@gmail.com
नोट : अनुभवी एवं साफ छवि वाले व्यक्ति ही सम्पर्क करें

हिन्दी समाचार पत्र
राजस्थान की राजनीति
www.rajasthankirajneeti.com
WE ARE HIRING JOIN OUR TEAM
पूर्वी राजस्थान (दौसा, भरतपुर, करौली, धौलपुर, सवाई- माधोपुर, अलवर) के सभी विधानसभा स्तर पर संवाददाताओं की आवश्यकता सम्पर्क करें
7610866001
HINDUSTAN PATRIKA MEDIA AND BROADCASTING
A UNIT OF HAMARI PATRIKA MEDIA AND BROADCASTING (OPC) PVT. LTD. 1ST FLOOR, 18K3, PANKAJ SINGHVI MARG, NEAR RAJ. VIDHAN SABHA, JYOTI NAGAR, JAIPUR (RAJ.) MOB.: +91 7610866001, 8946840063
E-MAIL: editor.tniawaaz@gmail.comWEB.: www.tniawaaz.in www.hpnews.in

## दोस्त के साथ रील बनाते चली पिस्टल, युवक की मौत

**कोटा**

दोस्त के साथ सोशल मीडिया के लिए रील बनाते समय एक युवक के गोली लग गई। युवक के हाथ से पिस्टल चलने से गोली सीने में जाकर लगी। घटना कोटा में केशवपुरा इलाके में बुधवार शाम की है युवक यशवंत (22) मनोहरथाना का रहने वाला था। कुछ दिन पहले ही कोटा आया था और केशवपुरा इलाके में रह रहा था। अपने दोस्त के साथ रील बना रहा था। उसक हाथ में पिस्टल थी। पिस्टल अचानक चलने से गोली उसके सीने में लगी। आस-पास के लोग न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल लेकर गए। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

## बाइक चोरी का 48 घंटे में खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

**बाड़मेर**



बालोतरा जिले की जसोल पुलिस ने 48 घंटे में बाइक चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। चोर से चुराई बाइक बरामद की है। वहीं पुलिस चोर से अन्य चोरी की वारदातों को लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार जसोल निवासी पारस पुत्र वृदाराम ने 28 अप्रैल को रिपोर्ट दी थी। इसके मुताबिक केपटाउन रिर्सोट नाकोड़ा से रात को एक बाइक चोर चुराकर कर ले गए। बाइक मालिक ने सुबह बाइक को इधर-उधर ढूंढा लेकिन पता नहीं लगने पर जसोल थाने में रिपोर्ट दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने चोरी स्थल पहुंचकर वहां पर और उसके आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। जसोल थानाधिकारी चंद्र सिंह के मुताबिक चोर को पकड़ने के लिए पुलिस टीम बनाकर जगह-जगह दबिश दी गई। मुखबिर व तकनीकी मदद से संदिग्ध चोर पवन को दस्तयाब कर पूछताछ की गई। चोर ने चोरी की वारदात करना कबूल किया। पवन पुत्र लाभुराम निवासी हाउसिंग बोर्ड जसोल की निशानदेही पर चुराई बाइक को बरामद किया। वहीं पुलिस आरोपी से अन्य चोरी की वारदतों को लेकर पूछताछ कर रही है। कार्रवाई में हेड कांस्टेबल निंबाराम, कांस्टेबल रणजीत, वासुदेव, सहदेव सिंह शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी पवन का क्राइम रिकॉर्ड को खंगाला तो उसके खिलाफ जोधपुर जिले में 4 और बालोतरा जिले में 2 चोरी सहित अन्य धाराओं में मामले दर्ज है। सभी कोर्ट में विचाराधीन है।

## बीकानेर जेल में बंदियों ने जेलर को पीटा, गश्त के दौरान तीनों ने किया हमला

**बीकानेर**



बीकानेर जेल में तीन बंदियों ने मिलकर एक जेलर पर हमला कर दिया। जेलर को धक्का देकर जमीन पर गिराया और चांटा जड़ दिया। अन्य बंदियों और जेल प्रहरियों ने बीच-बचाव कर हमला करने वाले बंदियों को हटाया। बीछवाल थाने में तीनों बंदियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। जेलर सुमन मालीवाल ने ताया कि मंगलवार को जेल के खुले मैदान में घटना हुई। जेलर सुरजनारायण सोनी गश्त कर रहे थे। इस दौरान तीन बंदी मोहम्मद समीर, अफरीद उर्फ गोली खान और साले मोहम्मद जेल की अस्पताल से लौट रहे थे। तीनों ने सुरज नारायण को धक्का देकर नीचे गिरा दिया और चांटे मारे। इस दौरान दो जनों ने हमला किया जबकि तीसरा बंदी वहां खड़ा रहा। अचानक हुए हमले के बाद आस-पास काम में लगे दूसरे बंदियों और जेल प्रहरियों ने पहुंचकर जेलर और बंदियों को अलग किया। बीछवाल थाने में तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। तीनों विचारधीन बंदी है और किसी मामले को लेकर जेलर से नाराज बताए जा रहे हैं। घटना के बाद जेल में सख्ती और बढ़ गई है। मालीवाल ने बताया कि जांच में ही स्पष्ट होगा कि बंदियों ने जेलर पर हमला क्यों किया? माना जा रहा है कि जेल में इन दिनों चल रही सख्ती के कारण बंदियों में खलबली है। बार-बार जेल की बैरकों का निरीक्षण हो रहा है, वहां से मोबाइल और सिम जब्त हो रहे हैं। पिछले एक महीने में ही दो बार जेल से मोबाइल और सिम बरामद हो चुके हैं।

## शॉर्ट सर्किट के चलते अमरूदों के बगीचे में लगी आग

**सवाई माधोपुर**

चौथ का बरवाड़ा उपखंड की बलरिया पंचायत के एक अमरूद के बगीचे में बुधवार दोपहर शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। जिसके चलते 300 से ज्यादा अमरूद के पौधे जलकर राख हो गया और बिजली उपकरण भी जल गए। सवाई माधोपुर से अग्निशमन की गाड़ी बुलाकर आग पर काबू पाया जा सका। घटना के बाद पीड़ित परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से नुकसान का आंकलन करवा कर मुआवजा दिलवाले जाने का आग्रह किया है। यह आगजनी की घटना किसान मुकेश, नवरतन, रामेश्वर पुत्र बद्री मीना निवासी बलरिया के बगीचे में हुई। पीड़ित किसानों का कहना है कि खेत के पास ही स्थित ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई। बगीचे में पास में ही सुखा घास होने से यह आग तेजी से फैल गई। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग अमरूद के पेड़ों में फैल गई। इसके बाद सवाई माधोपुर दमकल की मदद ली गई। इसके बाद दमकल की गाड़ी से पानी डालकर काफी समय बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना में 300 से अधिक पौधे बिल्कुल जलकर राख हो गए है। इसके साथ ही अन्य बिजली सामान को भी नुकसान पहुंचा है।

## 20 लाख की अफीम पकड़ी, लेन-देन कर रहे 2 आरोपी गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़**

केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की चित्तौड़गढ़ टीम ने अफीम का लेन-देन कर रहे 2 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों को चित्तौड़गढ़-उदयपुर रोड स्थित एक होटल के पास से पकड़ा गया है। एक आरोपी राजसमंद से बोलेरो गाड़ी लेकर 4 किलो अफीम लेने आया था। अफीम की अनुमानित कीमत 20 लाख रुपए की बताई जा रही है। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के चित्तौड़गढ़ निवारक और आसूचना प्रकोष्ठ के अधीक्षक सी प्रसाद ने बताया कि चित्तौड़गढ़ के नरधारी में अफीम का लेन-देन होने की सूचना मिली। इसके बाद टीम तुरंत 2 गाड़ियों में सवार होकर चित्तौड़गढ़-उदयपुर पर स्थित होटल वैभव के पास पहुंची। एक गाड़ी में टीम के आधे सदस्य वर्दी में गए थे और दूसरी गाड़ी में आधे सदस्य सादे कपड़ों में गए थे। टीम ने मोखमपुरा, चित्तौड़गढ़ निवासी किशन लाल पुत्र भेरा गाडरी और कुवारियां, राजसमंद निवासी देवीलाल पुत्र लेहरू जाट को पकड़ लिया गया। उनके पास से 4 किलो अफीम जब्त की गई। सी प्रसाद ने बताया कि किशन गाडरी बाइक लेकर 4 किलो अफीम लेकर आया था। जबकि देवीलाल जाट बोलेरो गाड़ी लेकर राजसमंद से अफीम लेने चित्तौड़गढ़ आया। दोनों ही आरोपी खरीद फरोख्त का काम करते है। इस अफीम की कीमत 20 लाख रुपए बताई जा रही है। देवीलाल यह अफीम राजसमंद में ले जाकर बेचने की फिराक में था।

# फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन बेचने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार : 2 मुख्य सरगना फरार, तलाश में जुटी पुलिस

**हनुमानगढ़**

हनुमानगढ़ की टिब्बी पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर खुद को भूमि का मालिक बताकर बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। टिब्बी पुलिस पकड़े गए आरोपियों से धोखाधड़ी करने संबंधी मामलों की पूछताछ में जुटी हुई है। आरोपी गरीब और जरूरतमंद लोगों की जमीन दिखाकर उसके बाद खुद ही भूमि के मालिक और गवाह बनकर पैसे हड़प लेते थे। एसपी सांगवान ने अपील जारी करते हुए कहा कि ऐसे गिरोह से सावधान रहें और पुलिस के हेल्पलाइन नम्बर का उपयोग कर पुलिस को सूचना दें। टिब्बी पुलिस ने सूचना के आधार पर 4 लोगों को फर्जी लिखा पढ़ी करवाते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आदराम पुत्र सुखराम नायक निवासी बाहिया तहसील राणीया जिला सिरसा टिब्बी क्षेत्र में 5 बीघा जमीन खरीदने आया था। आदराम को सभी आरोपियों पर शक हुआ तो उसने टिब्बी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए सभी को मौके से ही 151 के तहत गिरफ्तार कर लिया। टिब्बी पुलिस ने शांतिभंग में गिरफ्तार करने के बाद सभी से पूछताछ की तो चौकाने वाले खुलासे हुए। पुलिस के सामने



खुलासे के बाद पीड़ित आदराम ने चारों के खिलाफ धोखाधड़ी करने सहित एससी एसटी एक्ट में मामला दर्ज करवाया। जिसके आधार पर पुलिस ने पूछताछ के बाद चारों को गिरफ्तार कर लिया। टिब्बी थानाप्रभारी जगदीश पाण्डर ने बताया कि पकड़े गए सभी आरोपियों की पहचान राजूसिंह (38) पुत्र अमरजीत सिंह रायसिख निवासी वार्ड नं 12 सुरेवाला पुलिस थाना टिब्बी, याकूब (30) पुत्र शौकत अली निवासी वार्ड नं 10 सुरेवाला पुलिस थाना टिब्बी, पप्पु खां (50) पुत्र यासीन खां मिरासी वार्ड नं 8 टिब्बी पुलिस थाना टिब्बी और जीतराम (59) पुत्र कुरडाराम मेघवाल निवासी दुढियांवाली पीएस राणियां जिला सिरसा के रूप में हुई है।

### जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाने का गिरोह

टिब्बी थानाप्रभारी जगदीश पाण्डर ने बताया कि पकड़े गए चारों आरोपियों ने एक आपराधिक गिरोह बनाया है। जो कृषि भूमि के खरीददार की तलाश में रहते हैं। सभी गिरोह के सदस्य खरीददार मिलने पर कोई अनपढ़ या पिछड़े तबके के किसी भू मालिक की कृषि भूमि दिखाकर उसका सौदा कर लेते हैं। फिर उसके बाद मूल भू मालिक की जगह अपने गिरोह के किसी व्यक्ति को उस भूमि का मालिक बताकर फर्जी पहचानकर्ता और गवाह तैयार कर उनके फर्जी आधार कार्ड तैयार कर कृषि भूमि की विक्रय सम्बन्धी दस्तावेज तैयार करवा लेते हैं। उसके बाद धोखाधड़ी कर रुपए हड़प लेते हैं।

### मुख्य दो सरगना की तलाश में जुटी पुलिस

टिब्बी थानाप्रभारी जगदीश पाण्डर ने बताया कि इस गिरोह में दो मुख्य सरगना हैं। जो फरार चल रहे हैं। पुलिस पूछताछ में इस गिरोह के मुख्य सरगना के रूप में मंगत सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह रायसिख निवासी नादर वाली ढाणी सुरेवाला पुलिस थाना टिब्बी और बलविन्द्र सिंह पुत्र जगराज सिंह जटसिख निवासी 3 जीजीआर पुलिस थाना टिब्बी का नाम सामने आया है। जो एक गिरोह बनाकर लोगों को फंसाने का कार्य करते हैं।

### हेल्पलाइन नम्बर पर दें सूचना

एसपी विकास सांगवान ने हनुमानगढ़ जिलावासियों से अपील जारी करते हुए कहा कि हनुमानगढ़ पुलिस सभी लोगों से आग्रह करती है कि किसी भी प्रकार की भूमि खरीदते समय खरीदने से पहले भू-मालिक की जांच करने के बाद ही भूमि क्रय सम्बन्धी सौदा तय करें। नहीं तो आप किसी धोखाधड़ी के शिकार हो सकते हैं। एसपी ने कहा कि अगर आपको ऐसे किसी व्यक्ति या गिरोह पर शक हो तो पुलिस हेल्पलाइन नम्बर 87645-31201 या कंट्रोल रूम नम्बर 015152-261105 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं। नजदीकी पुलिस थाने में भी सम्पर्क कर सकते हैं ताकि पुलिस आपकी मदद कर सके।

## बदमाशों ने चाकू से रेती होटल संचालक की गर्दन, सांस की नली कटी

**देवली**

टोंक जिले के देवली कस?बे में करीब 5 बदमाशों ने 55 साल के होटल संचालक पर हमला कर चाकू से उसका गला काट डाला। इस हमले में पीड़ित की सांस की नली कट गई। अज्ञात बदमाशों ने इस वारदात को हनुमान नगर थाना क्षेत्र में लूटपाट के मकसद से अंजाम दिया था। वारदात की सूचना मिलने के बाद देवली थाना पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा और पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया। देवली थाना प्रभारी राजकुमार नायक ने बताया कि सूचना मिली थी कि देवली के घोसी मोहल्ला वार्ड नंबर 8 के रहने वाले लालसिंह (55) पुत्र तुलसीराम पर बुधवार सुबह 11 बजे कुछ बदमाशों ने हमला कर दिया और चाकू से गला रेत दिया। इन बदमाशों ने पीड़ित के गले की सोने की चेन लूट ली। वारदात के बाद पीड़ित ने जैसे-तैसे जेब से मोबाइल निकाल कर अपने पहचान के शिवराज गुर्जर को फोन किया। इसके बाद शिवराज ने हनुमान नगर थाना में फोन कर जानकारी दी। सूचना मिलते ही हनुमान नगर थाना प्रभारी और उनका जाप्ता मौके पर पहुंचा और पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया गया। देवली थाना प्रभारी राजकुमार नायक समेत पुलिसकर्मी भी सरकारी अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। दरअसल, लालसिंह का जयपुर कोटा बाइपास पर कुचलवाड़ा बाइपास क्षेत्र में दिनेश लाला भाई के नाम से होटल है। वो रोजाना सुबह 10 से 11 बजे




इसी रास्ते से अपने होटल जाते हैं। बुधवार सुबह करीब 11 बजे वह स्कूटी से इमानुएल स्कूल के मार्ग से बाइपास अपने होटल जा रहे थे। इस बीच इमानुएल स्कूल के आगे रोड पर बैठे 5 बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और लूटने के मकसद से चाकू से गले पर वार कर दिया। घटनास्थल पर शराब की बोतल आदि मिली है। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि यह वारदात नशे के आदी किस्म के लोगों की तरफ से अंजाम दी गई है। देवली अस्पताल में डॉक्टर प्रतीक चौधरी ने बताया कि, इस हमले में पीड़ित की सांस की नली कट गई है। एक ऑपरेशन कर उसे जोड़ा गया है, लेकिन अभी हालत सीरियस है। इसलिए मरीज को जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## टीचर ने इतना पीटा कि बेहोश हो गया बच्चा, एग्जाम में गलत लिख दिए थे रोल नंबर

**बाड़मेर**

सरकारी स्कूल में एक बच्चे को टीचर ने बेरहमी से इतना पीटा कि वह बेहोश हो गया। कसूर सिर्फ इतना था कि उसने कॉपी में गलत रोल नंबर लिखे थे। मामला सामने आने के बाद शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आरोपी टीचर गणपत कुमार को सस्पेंड कर दिया है। मामला 29 अप्रैल को बाड़मेर जिले के चौहटन के बाखासर स्थित छोटा हाथला गांव के राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल का है। बच्चा तीसरी क्लास का स्टूडेंट है। जानकारी में सामने आया कि 29 अप्रैल को स्कूल में 'राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम' का एग्जाम था। इसमें 7 साल के स्टूडेंट ने कॉपी में गलत रोल नंबर लिख दिया था। गलत रोल नंबर देखते ही टीचर गणपत कुमार को गुस्सा आया और चांटे मारे। टीचर ने बच्चे को पीठ पर भी बुरी तरह से मारा। पिटाई के दौरान बच्चा बेहोश हो गया। इसकी जानकारी परिजन को दी गई तो वे स्कूल पहुंचे, जहां वह बेसुध मिला। बच्चे को जिले के बाखासर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। डॉक्टर्स ने चेहरे पर सूजन बताई। बच्चे की हालत गंभीर होने पर उसे गुजरात के थराद ले गए। वहां इलाज के बाद 30 अप्रैल की रात उसे छुट्टी दे दी गई। दरअसल, राजस्थान शिक्षा विभाग RKSMBK की परीक्षा बच्चों की दक्षता और क्लास के स्तर को जांचने के लिए करवाता है। इस मामले को लेकर चाचा जगदीश कुमार गर्ग ने बताया कि टीचर ने गलती मान ली थी और आगे ऐसी गलती नहीं करने की बात कही थी। इस पर हमने माफ कर दिया था। इसी दौरान 30 अप्रैल को किसी ने बच्चे से मारपीट की जानकारी X (ट्विटर) पर शेयर करते हुए लिखा- चौहटन-सरकारी स्कूल में मासूम बच्चे के साथ मारपीट का मामला सामने आया। रोल नंबर गलत लिखने पर स्कूल के शिक्षक ने बच्चों के साथ की



मारपीट...। शिक्षा मंत्री इस मामले में एक्शन लेवें। मामला सामने आने के बाद शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार सुबह ङ्ग पर लिखा- घटना को गंभीरता से लेते हुए इस कृत्य में शामिल प्रत्येक दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। हमारी सरकार के कार्यकाल में राजस्थान के स्वर्णिम भविष्य के आधार स्तंभ बच्चों के साथ किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं शिक्षा मंत्री के ऑफिस से जानकारी देकर बताया गया कि शिक्षा मंत्री ने टीचर को निलंबित करने के आदेश जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) कृष्ण सिंह को दिए हैं। टीचर गणपत कुमार चौहटन इलाके के गवर्नमेंट मिडिल स्कूल के लेवल फर्स्ट का टीचर है। प्राइमरी जिला शिक्षा अधिकारी कृष्ण सिंह महेचा के मुताबिक, स्टूडेंट के साथ मारपीट का मामला सामने आने के बाद ब्लॉक शिक्षा अधिकारी फागलिया नरेश नायक को जांच के निर्देश दिए थे। बुधवार सुबह रिपोर्ट मिलने के बाद टीचर को सस्पेंड कर दिया गया है। निलंबन के दौरान इनका मुख्यालय शिव में रहेगा।

## पोतियों की शादी में दादा जिंदा जले, एसी का कम्प्रेसर फटने से टेंट रूम में लगी आग

**बूंदी**

बूंदी में पोतियों की शादी में आए दादा जिंदा जल गए। तमाम प्रयासों के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। बूंदी के नैनवां रोड इलाके में बुधवार सुबह मैरिज गार्डन में लगे एसी का कंप्रेसर धमाके के साथ फटा था। इसके बाद वहां भगदड़ मच गई और वहां लगे टेंट ने भी आग पकड़ ली, इसी दौरान टेंट रूम में सो रहे दुल्हनों के दादा भी बुरी तरह झुलस गए।

### 2 शादियां होनी थीं

पुलिस उपाधीक्षक अमर सिंह राठौड़ ने बताया कि नैनवां रोड स्थित पाइप फैक्ट्री के नजदीक शहनाई मैरिज गार्डन है। बुधवार को टोंक के टोडारायसिंह निवासी 2 सगी बहनों की शादी होनी थी। इनके परिवार वाले मंगलवार देर रात ही यहां पहुंच गए थे। इनके ठहरने के लिए मैरिज गार्डन कैंपस में ही कैंप जैसे टेंट के रूम बनाए गए थे। इसमें एसी भी लगाए गए थे। थके-हारे आए दुल्हन के परिवार वाले इसमें सो रहे थे। इसमें बुजुर्ग, बच्चों सहित तमाम महिलाएं भी थीं।

### अचानक धमाका हुआ

बुधवार सुबह अचानक एसी का कंप्रेसर फट गया। धमाके की आवाज सुनकर पूरे कैंप में भगदड़ मच गई। सब जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। कैंप में सो रहे टोडारायसिंह निवासी लाल मोहम्मद (75) पुत्र हबीब खान को आग ने घेर लिया। जिंदा जलकर उनकी मौत हो गई। लाल मोहम्मद के टेंट में



कुल 4 लोग मौजूद थे। तीन अन्य लोगों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। जिस सफारी टेंट में शॉर्ट सर्किट हुआ उसमें दुल्हनों के दादा लाल मोहम्मद और पोता अमन सो रहे थे। जैसे ही शॉर्ट सर्किट हुआ, आग की चिंगारियां उन पर गिर गईं। अमन चिल्लाता हुआ टेंट से बाहर निकाला और अपने परिजनों को जगाया। उसके चाचा शानू ने जलते टेंट में घुसकर अपने पिता लाल मोहम्मद को खींच कर बाहर निकाला। तब तक उनका शरीर जल चुका था, वह दर्द और जलन से कराह रहे थे। परिजनों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां अस्पताल पहुंचते ही बुजुर्ग की मौत हो गई। इस हादसे में अमन और शानू भी मामूली झुलसे हैं। बता दें, मृतक लाल मोहम्मद टोंक जिले टोडारायसिंह के रहने वाले थे, इनके 2 बेटे बूंदी के तालेड़ा में रहकर अपना काम करते हैं। इस कारण बूंदी आकर अपनी बेटियों फिजा और रैहनुमा की शादी करने आए थे। फिजा की बारात मध्य प्रदेश शिवपुरी और रैहनुमा की बारात सवाई माधोपुर से आनी थी।

## कोचिंग में पढ़ने वाले गिरोह ने देशभर में करवाई नकल, शेखावाटी की गैंग ने कंप्यूटर लैब में बैठकर खुद दिया पेपर

**कोटा**

कोस्ट गार्ड एनरोल्ड पर्सनल टेस्ट का पेपर लीक और सॉल्व करवाने वाले गिरोह से पूछताछ में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। मंगलवार को पकड़े गए सभी 6 युवक खुद शेखावाटी (झुंझुनूं ) के कोचिंग में पढ़ते हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। इस गैंग ने कंप्यूटर लैब में बैठकर पेपर सॉल्व किए। इसके लिए इन्होंने परीक्षा सेंटर के सभी कंप्यूटरों में एक खास ऐप इंस्टॉल किया, ताकि कंप्यूटर को रिमोट (कहीं से भी संबंधित कंप्यूटर को ऑपरेट किया जा सकता है) पर लिया जा सके। जांच अधिकारी एडिशनल एसपी महिला अपराध अनुसंधान प्रकोष्ठ नियति शर्मा ने बताया- स्टूडेंट को झांसे में लेकर पेपर सॉल्व करवाने की एवज में 15 लाख रुपए में डील की थी। इसके लिए प्री-प्लान तरीके से कोटा आकर आईटी पार्क स्थित राजीव गांधी कंप्यूटर साक्षरता मिशन की लैब को किराए पर लिया था। मामले में लैब संचालक की भूमिका भी संदिग्ध है। जांच के लिए SIT गठित की है। कोटा के विज्ञान नगर थाना पुलिस ने अशोक जाट (38) निवासी बांगड़वा थाना हमीरवास तहसील राजगढ़ (चूरू) और संदीप बुडालिया (29) बरालू ,थाना लोहारू, भिवानी (हरियाणा) थे। इनके अलावा प्रतीक गजराज (24) निवासी पालोता, थाना सिंघाना, झुंझुनूं, रणवीर सिंह (32) निवासी काटधनोरी,



झुंझुनूं, अशोक (29) निवासी गोपाल की ढाणी, थाना पचेरी, झुंझुनूं और राहुल जाखड़ (21) धमोरा थाना गुढ़ागौड़जी, झुंझुनूं को पकड़ा था। जांच अधिकारी एडिशनल एसपी महिला अपराध अनुसंधान प्रकोष्ठ नियति शर्मा ने बताया- सभी आरोपी शेखावाटी इलाके के हैं और लंबे समय से एक-दूसरे को जानते है। सभी चिड़ावा में कोचिंग में पढ़ाते थे। साथ ही खुद भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। संभावना जताई है कि इस दौरान ही स्टूडेंट्स को झांसा देकर अपने जाल में फंसाया था। हालांकि पुलिस ने इसे जांच का विषय बताया है। गिरोह के पकड़े गए सदस्यों का मोबाइल जब्त किया गया था, जिसमें प्रश्न-पत्र और एडमिट कार्ड मिले थे।

## मां से मिलने आए पूर्व सरपंच की हॉकी-स्टिक से हत्या, कार में आए नकाबपोश बदमाशों ने सिर पर किया वार

**भीलवाड़ा**

भाई के घर मां से मिलने आए पूर्व सरपंच पर बदमाशों ने हॉकी स्टिक से हमला कर दिया। पूर्व सरपंच को घायल अवस्था में अजमेर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामला भीलवाड़ा के आसींद के बदनौर थाना क्षेत्र का है, जहां मंगलवार की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे घटना हुई।

### भाई के बेटे को तलाश रहे थे बदमाश

बदनौर थानाधिकारी राजदीपेंद्र ने बताया- भोजपुरा गांव के रहने वाले पूर्व सरपंच जगदीश मेवाड़ा(45) बदनौर के ब्यावर रोड स्थित अपने भाई दिनेश के घर मां से मिलने दोपहर करीब 3 बजे पहुंचे थे। घर दुकान के ऊपर बना है। जब वे घर में मां से मिलकर नीचे आए तो भाई



के साथ दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान तकरीबन साढ़े तीन बजे बाद एक ब्रिजा गाड़ी आई। उसमें से तीन युवक उतरे, जिनमें से एक बदमाश ने चेहरे पर कपड़ा बांधा हुआ था और उसके हाथ में हॉकी स्टिक थी। दुकान में जगदीश, दिनेश और उसका बेटा था। गाड़ी में से उतरे बदमाशों ने दिनेश के बेटे को दुकान से बाहर बुलाया। इस दौरान जगदीश बाहर आया और मामला पूछा। कुछ देर समझाइश भी की। इसी बीच नकाबापोश युवक ने हॉकी स्टिक से जगदीश के सिर पर वार कर दिया, जिससे जगदीश वहीं गिर गया। बीच-बचाव करने आए पास के दुकानदार जगदीश चंद्र पर भी इन बदमाशों ने हमला कर दिया, जिससे उसके भी हाथ में चोट आई। इस बीच दिनेश का बेटा हार्डवेयर दुकान से एक फावड़ा लेकर आया और हमलावरों को भगाने लगा। लोगों के भीड़ बढ़ती देख तीनों बदमाश गाड़ी में बैठकर फरार हो गए। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने पूर्व सरपंच जगदीश को बाइक से बदनौर अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे ब्यावर रेफर कर दिया। ब्यावर के डॉक्टरों ने उसे अजमेर रेफर कर दिया। अजमेर में शाम के समय इलाज के दौरान जगदीश की मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद बदनौर थानाधिकारी राजदीपेंद्र अजमेर पहुंचे। परिजनों से रिपोर्ट ली और पोस्टमॉर्टम करवाया। उन्होंने बताया कि भोजपुरा गांव में पूर्व सरपंच ने अपने घर के बाहर बजरी रखी हुई है। गांव का ही एक युवक एक कट्टा भरकर बजरी ले जा रहा था, जिसे जगदीश मेवाड़ा ने पकड़ लिया और उसे खरी-खोटी सुनाई। इस घटना को भी मामले से जोड़कर जांच की जा रही है। डीसएपी सज्जन सिंह ने बताया- भोजपुरा के पूर्व सरपंच पर जानलेवा हमले की जानकारी मिली है। हमले में पूर्व सरपंच की मौत हो गई है। तीन लोगों ने हमला किया था। मामले में संदिग्धों को डिटेन कर पूछताछ की जा रही है।

# स्पिनरों की शानदार गेंदबाजी से पंजाब ने सीएसके को हराया

भाषा ▶▶| चेन्नई

- चाहर और बराड़ की फिरकी में उलझा चेन्नई
- बेयरस्टो ने 30 गेंद में 46 रन और रोसेयु ने 23 गेंद में 43 रन जड़े
- किंग्स ने सुपर किंग्स को 7 विकेट से हराया

राहुल चाहर और हरप्रीत बराड़ की शानदार फिरकी गेंदबाजी के बाद जॉनी बेयरस्टो (30 गेंद में 46 रन) और रिली रोसेयु (23 गेंद में 43 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी से पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में बुधवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को 13 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराया। राहुल चाहर और बराड़ ने दो-दो विकेट चटकाने के अलावा अपने कोटे के चार-चार ओवर में बिना कोई बाउंड्री खाये क्रमशः 16 और 17 रन दिये। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की 48 गेंद में 62 रन की पारी के दम पर सीएसके ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर सात विकेट पर 162 रन बनाये। पंजाब ने 17.5 ओवर में तीन विकेट पर लक्ष्य हासिल कर 10 मैचों में चौथी जीत दर्ज की। चेन्नई की 10 मैचों में यह पांचवीं हार है। बेयरस्टो ने अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का जबकि रोसेयु ने पांच चौके और दो छक्के जड़ें। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 37 गेंद में 64 रन की साझेदारी कर मैच को सीएसके की पकड़ से दूर किया इसके बाद शशांक सिंह (नाबाद 25) और कप्तान सैम कुरेन (नाबाद 26) ने चौथे विकेट के लिए 37 गेंद में 50 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को आसान जीत दिला दी। गायकवाड़ ने बल्लेबाजी के लिए मुश्किल परिस्थितियों में एक छोर संभाले रखा और 48 गेंद की पारी में पांच चौके और दो छक्के लगाये। वह इसके साथ ही इस सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गये। उनके नाम 10 मैचों में 509 रन हो गये हैं। सीएसके के कप्तान पहले विकेट के लिए अजिंक्य रहाणे (23 गेंद में 29 रन) के साथ 50 गेंद में 64 और समीर रिजवी (23 गेंद में 21 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 34 गेंद में 37 और मोईन अली (नौ गेंद में 15 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 15 गेंद में 38 रन की साझेदारी की जिससे सीएसके प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंच सकी। लक्ष्य का बचाव करते हुए सीएसके को पारी की दूसरी गेंद पर ही दीपक चाहर को चोटिल होने से झटका लगा। वह मांसपेशियों में



खिंचाव के कारण मैदान से बाहर चले गये। उनकी जगह ओवर पूरा करने आये शारदुल ठाकुर (48 रन पर एक विकेट) का स्वागत प्रभसिमरन सिंह (13) छक्के से किया। आईपीएल पदार्पण कर रहे रिचर्ड ग्लीसन (30 रन पर एक विकेट) ने पारी के तीसरे ओवर में प्रभसिमरन को गायकवाड़ के हाथों कैच कराया। रोसेयु ने क्रीज पर आते ही ग्लीसन और फिर मुस्ताफिजुर रहमान के खिलाफ दो-दो गेंदों पर चौके लगाये। दूसरे छोर से बेयरस्टो ने भी शारदुल के खिलाफ दो चौके लगा दिये जिससे पावरप्ले में पंजाब का स्कोर एक विकेट पर 52 रन हो गया। रुतुराज ने इसके बाद स्पिन गेंदबाजों का सहारा लिया लेकिन मैदान पर ओस के कारण रविंद्र जडेजा और मोईन प्रभावी गेंदबाजी नहीं कर सकें। बेयरस्टो ने जडेजा के खिलाफ दो चौके जड़ने के बाद मोईन के खिलाफ छक्का और चौका लगाकर उन्हें हावी होने का मौका नहीं दिया। शिवम दुबे (14 रन पर एक विकेट) ने 10वें ओवर में महेंद्र सिंह धोनी के हाथों बेयरस्टो की पारी को खत्म किया लेकिन रोसेयु पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। उन्होंने इसी ओवर में छक्का और चौका जड़ने के बाद शारदुल के खिलाफ भी गेंद को दर्शकों के पास भेजा। ठाकुर ने हालांकि ओवर की आखिरी गेंद पर उन्हें बोल्ड किया।

### पंजाब किंग्स

| | |
|---|---|
| प्रभसिमरन का रितुराज बो ग्लीसन | 13 |
| जॉनी बेयरस्टो का धोनी बो दुबे | 46 |
| रिली रोसेयु बो शारदुल | 43 |
| शशंक सिंह नाबाद | 25 |
| सैम कुरेन नाबाद | 26 |
| अतिरिक्तः | 10 |

कुल योगः (17.5 ओवर में तीन विकेट पर) 163 रन
विकेट पतनः 1-19, 2-83, 3-113
गेंदबाजीः दीपक चाहर 0.2-0-4-0, शारदुल 3.4-0-48-1, ग्लीसन 3.5-0-30-1, मुस्ताफिजुर 4-1-22-0, जडेजा 3-0-22-0, मोईन 2-0-22-0, दुबे 1-0-14-1

### सीएसके

| | |
|---|---|
| रहाणे का रोसेयु बो बराड़ | 29 |
| रुतुराज गायकवाड़ बो अर्शदीप | 62 |
| शिवम दुबे पगबाधा बराड़ | 00 |
| रविंद्र जडेजा पगबाधा चाहर | 02 |
| समीर का हर्षल बो रबाडा | 21 |
| मोईन अली बो राहुल चाहर | 15 |
| महेंद्र सिंह धोनी रन आउट | 14 |
| डेरिल मिचेल नाबाद | 01 |
| अतिरिक्तः | 18 |

कुल योगः (20 ओवर में सात विकेट पर) 162 रन
विकेट पतनः 1-64 , 2-65 , 3-70, 4-107, 5-145, 6-147, 7-162
गेंदबाजीः रबाडा 4-0-23-1, अर्शदीप 4-0-52-1, कुरेन 3-0-37-0, बराड़ 4-0-17-2, राहुल चाहर 4-0-16-2, हर्षल 1-0-12-0

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 |
| बेंगलोर | 10 | 3 | 7 | 6 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
500 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
14 विकेट
मुंबई

### खबर संक्षेप



#### पंड्या पर 24 लाख रुपये लगा जुर्माना

**लखनऊ।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दूसरी बार टीम की ओवरगति धीमी रहने के कारण 24 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है। इंपैक्ट खिलाड़ी समेत बाकी खिलाड़ियों पर छह छह लाख रुपए या मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया। मुंबई को लखनऊ ने चार विकेट से हराया। आईपीएल ने एक बयान में कहा, 'मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर टाटा इंडियन प्रीमियर लीग के 48वें मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना लगाया गया है।'

#### बीसीबी ने स्कूली मैच 20 ओवरों के किए

**ढाका।** बांग्लादेश में प्रचंड गर्मी और लू के कारण क्रिकेट बोर्ड ने स्कूली क्रिकेट मैच 50 ओवरों की बजाय 20 ओवर प्रति टीम कर दिए हैं। बांग्लादेश में अप्रैल से ही पारा 40 डिग्री से ऊपर चला गया है।



बीसीबी के एक बयान के हवाले से ईएसपीएन क्रिकइन्फो की रिपोर्ट में कहा गया, 'देश में चल रही प्रचंड गर्मी के कारण बीसीबी की आयुवर्ग टूर्नामेंट समिति ने तय किया है कि 29 अप्रैल से प्राइम बैंक राष्ट्रीय स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के बचे हुए सभी मैच टी20 प्रारूप में खेले जाएंगे।' देश में 14 जगहों पर हो रहे मुकाबलों में 64 जिला टीमें भाग ले रही हैं।

#### टीम क्वालिफिकेशन हासिल करना लक्ष्य

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक की व्यक्तिगत स्पर्धा के लिए क्वालीफाई करने वाले इकलौते भारतीय तीरंदाज धीरज बोम्मदेवरा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता अब इन खेलों की टीम स्पर्धाओं में कोटा हासिल करने की है। इस 22 साल के रिकर्व तीरंदाज ने पिछले साल बैंकॉक में एशियाई क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में रजत पदक जीत कर ओलंपिक की पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया था। धीरज ने कहा, 'हम व्यक्तिगत कोटा को टीम कोटा में बदलने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हम इस पर लगातार काम कर रहे हैं, इसके लिए योजना बना रहे हैं और जितना संभव हो उतने टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं।'



**क्रिकेट : एक दशक में पहली बार पूर्व कप्तान टीम से बाहर**

# स्मिथ और मैकगुर्क बाहर, मार्श को कमान आस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम घोषित

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

हरफनमौला मिचेल मार्श को टी20 विश्व कप के लिए आस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय प्रारंभिक टीम का कप्तान चुना गया जबकि अनुभवी स्टीव स्मिथ और युवा जैक फ्रेसर मैकगुर्क को टीम में जगह नहीं मिली है। यह एक दशक में पहली बार है कि पूर्व कप्तान और आस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक स्मिथ को विश्व कप टीम से बाहर रखा गया है। चयनकर्ताओं ने ट्रेविस हेड, डेविड वॉर्नर और मार्श पर भरोसा जताया है।

आईपीएल में किसी टीम के साथ करार नहीं होने से भी स्मिथ को नुकसान हुआ। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाजों में शुमार स्मिथ ने 67 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 125.45 की स्ट्राइक रेट से 1094 रन बनाए हैं। वहीं आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए पांच मैचों में 237.50 की स्ट्राइक रेट से 247 रन बना चुके मैकगुर्क का दावा भी पुख्ता था लेकिन चयनकर्ताओं ने कैमरन ग्रीन और जोश इंगलिस को चुना। टीमों के पास 25 मई तक बदलाव का मौका होगा जिसके बाद आईसीसी इवेंट तकनीकी समिति की मंजूरी लेनी होगी।





**आस्ट्रेलियाई टीम** मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टोन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वॉर्नर, एडम जम्पा।

#### टीम के ऐलान में दिवंगत साइमंड्स के बच्चे भी शामिल

*आस्ट्रेलिया ने दिवंगत हरफनमौला एंड्रयू साइमंड्स के बच्चों को जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए आस्ट्रेलियाई टीम की घोषणा करने वाले 2007 विश्व कप विजेता टीम के प्रमुख सदस्यों में शामिल किया है। साइमंड्स का 46 वर्ष की उम्र में 2022 में एक कार दुर्घटना में निधन हो गया था। साइमंड्स के बेटे विल और बेटी चोले ने रिकी पोंटिंग, एडम गिलक्रिस्ट, माइकल क्लार्क और ग्लेन मैकग्रा जैसे धुरंधरों के साथ आस्ट्रेलियाई टीम का वीडियो पर ऐलान किया। विल ने एश्टोन*



*एगर के नाम की घोषणा की और चोले ने मिचेल स्टार्क का नाम लिया। साइमंड्स आस्ट्रेलिया की दो विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे।*

#### अफगानिस्तान की टीम में आठ आईपीएल खिलाड़ी शामिल



**काबुल।** टी20 विश्व कप के लिए अफगानिस्तान की टीम में इंडियन प्रीमियर लीग खेल रहे आठ खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जबकि कप्तान स्टार हरफनमौला राशिद खान होंगे। विश्व कप 2023 में टीम के कप्तान रहे हशमतुल्लाह शाहिदी को 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली है। हजरतुल्लाह जजाई, सेदिकुल्लाह अतल और मोहम्मद सलीम सैफी को रिजर्व के तौर पर टीम में रखा गया है। राशिद, अजमतुल्लाह उमरजई, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, नवीनुल हक, मोहम्मद नबी, रहमानुल्लाह गुरबाज, गुलबदन नायब इस समय आईपीएल खेल रहे हैं। अफगानस्तान को 20 टीमों के टूर्नामेंट में ग्रुप सी में वेस्टइंडीज, युगांडा और पापुआ न्यू गिनी के साथ रखा गया है। उसे तीन जून को प्रोविडेंस में युगांडा से पहला मैच खेलना है।

**अफगानिस्तान टीम**

राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदन नायब, करीम जनत, नांगयाल खरोती, मुजीबुर रहमान, नूर अहमद, नवीनुल हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक। रिजर्व : सेदिकुल्लाह अतल, हजरतुल्लाह जजाइ, मोहम्मद सलीम सैफी।

**खास खबर**


## चार भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंचे



**अस्ताना।** भारतीय मुक्केबाजों आर्यन, यशवर्धन सिंह, प्रियांशु और साहिल ने बुधवार को यहां अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 एवं युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। आर्यन ने 51 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के जुराएव शाकरबाय को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके बाद यशवर्धन (63.5 किग्रा) ने पहले दौर में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ईरान के मिराहमादी बाबाहेदारी को 4-1 से हराया। दूसरी तरफ प्रियांशु (71 किग्रा) और साहिल (80 किग्रा) को अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा और उन्होंने क्रमशः चीनी ताइपे के वू यू एन और तुर्कमेनिस्तान के यकलीमोव अब्दिरहमा के खिलाफ रैफरी के मुकाबला रोकने के फैसले के साथ अगले दौर में प्रवेश किया। जतिन हालांकि 57 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के ए नोदिरबेक के खिलाफ 1-4 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

#### मयंक को बीसीसीआई अनुबंध मिलने की संभावना

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान पेट की मांसपेशियों में चोट के कारण तेज गेंदबाज मयंक यादव के इंडियन प्रीमियर लीग के राउंड रॉबिन चरण के बाकी बचे मैचों में खेलने की संभावना काफी कम है। मयंक पिछले चार सप्ताह में दूसरी बार चोटिल हुए हैं। दिल्ली के इस 21 वर्षीय खिलाड़ी को हालांकि अपनी तेज गति से प्रभावित करने का ईनाम जल्द ही मिल सकता है। उन्हें उमरान मलिक, विदवथ कावेरप्पा, विशाक विजयकुमार, यश दयाल और आकाशदीप के साथ भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा तेज गेंदबाजी अनुबंध दिया जाना लगभग तय है। इस अनुबंध के बाद मयंक राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी की स्पोर्ट्स साइंस और मेडिकल टीम की देखरेख में रहेंगे जो उनकी आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपरजायंट्स से उनके चोट प्रबंधन और फिटनेस कार्यक्रम की जिम्मेदारी संभालेगी।



## मैड्रिड ओपन में आखिरी बार खेलते हुए हार के बाद भावुक हुए नडाल

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन रफेल नडाल मैड्रिड ओपन के चौथे दौर में मिली हार के बाद भावुक हो गए चूंकि यहां वह आखिरी बार खेल रहे हैं। पांच बार के चैंपियन नडाल को 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका ने 7-5, 6-4 से हराया।

हार के बाद नडाल ने कहा, 'यह काफी कठिन दिन है लेकिन यही हकीकत है। मेरा शरीर और जिंदगी काफी समय से संकेत दे रहे हैं। मैं इस कोर्ट को अलविदा कह रहा हूं और मेरे लिए यह बहुत भावुक पल है। यहां की यादें सदैव मेरे साथ रहेंगी।' नडाल के



हमवतन स्पेन के ही कार्लोस अल्काराज तीन घंटे तक चले मैच में जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-3, 6-7, 7-6 से हराकर अगले दौर में पहुंच गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर ने 16वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव को 5-7, 6-3, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदव ने अलेक्जेंडर बुबलिक को 7-6, 6-4 से हराया। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक ने बीट्रिज हदाद माइया को 4-6, 6-0, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना अमेरिका की 18वीं वरीयता प्राप्त मेडिसन कीस से होगा जिन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त ओंस जबाउर को 0-6, 7-5, 6-1 से हराया।



#### बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी मैड्रिड मास्टर्स से बाहर

**मैड्रिड।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी पहले दौर में सेबेस्टियन कोरडा और जोर्डन थाम्पसन से अप्रत्याशित हार के बाद एटीपी मुटुआ मैड्रिड ओपन से बाहर हो गई। आस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल चैंपियन बोपन्ना और एबडेन को एक घंटे 17 मिनट तक चले मैच में अमेरिका और आस्ट्रेलिया की जोड़ी से 7-6, 7-5 से पराजय झेलनी पड़ी। पिछले साल बोपन्ना और एबडेन ने इंडियन वेल्स मास्टर्स जीता था और 43 वर्ष के बोपन्ना एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन बनने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बने।

## विश्व कप : न्यूयॉर्क में लाई जा रही हैं 'ड्रॉप इन' पिचें

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

आगामी टी20 विश्व कप के लिए फ्लोरिडा से 'ड्रॉप इन' पिचें न्यूयॉर्क लाई जा रही हैं जहां बाकी मैचों के अलावा नौ जून को भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप चरण का मैच भी होना है। ये ऐसी पिच होती है, जिसे मैदान या वेन्यू से दूर कहीं बनाया जाता है और बाद में स्टेडियम में लाकर बिछा दिया जाता है। फ्लोरिडा में दिसंबर से दस ड्रॉप इन पिचें बनाई जा रही थी।

ये पिचें एडीलेड ओवल टर्फ सोल्यूशंस के मार्गदर्शन में बनाई जा रही हैं जिसकी अगुवाई एडीलेड




ओवन के मुख्य क्यूरेटर डेमियर हॉग कर रहे हैं। आईसीसी की विज्ञप्ति के अनुसार चार पिचें नासाउ स्टेडियम में लगाई जाएंगी जबकि छह आसपास अभ्यास परिसर में लगेंगी। टूर्नामेंट के दौरान एडीलेड ओवल टर्फ सोल्यूशंस टीम न्यूयॉर्क में ही रहेगी ताकि पिच के रख रखाव में मदद कर सके। टूर्नामेंट दो से 29 जून तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा।

**सनराइजर्स को आरसीबी और सीएसके के खिलाफ मिली हार**

# राजस्थान और हैदराबाद का मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

लक्ष्य का पीछा करते हुए भटकने वाली सनराइजर्स हैदराबाद शीर्ष पर काबिज राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपने अभियान को ढर्रे पर लाना चाहेगी। रॉयल्स का प्लेआफ में स्थान लगभग पक्का है लेकिन सनराइजर्स के लिए इस मैच में बहुत कुछ दाव पर है।

कुछ दिन पहले तक शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए मिली हार का खामियाजा भुगतना पड़ा है। इन पराजयों के बाद टीम शीर्ष चार से बाहर हो गई। चार जीत और चार हार के बाद अब दस अंक लेकर 2016 चैम्पियन टीम पांचवें स्थान पर है।






#### मध्यक्रम के बल्लेबाज नाकाम

पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम के शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाज लक्ष्य का पीछा करते हुए नाकाम रहे हैं जिससे कोच डेनियल विटोरी को स्वीकार करना पड़ा कि लक्ष्य का पीछा करते हुए अति आक्रामक खेलने की रणनीति गलत रही। सनराइजर्स ने इस सत्र में पहले बल्लेबाजी करते हुए दो बार 250 से अधिक स्कोर बनाया। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए 200 से अधिक का स्कोर एक बार भी हासिल नहीं कर सकी। मुख्य कोच विटोरी ने आरसीबी से मिली हार के बाद कहा था, 'हम लक्ष्य देने में कामयाब रहे हैं और अब लक्ष्य का पीछा करना भी सीखना होगा।'

#### हेड-अभिषेक पर निर्भर

सनराइजर्स बल्लेबाजी में ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा पर काफी निर्भर है। दोनों के फ्लॉप होने पर सनराइजर्स की पारी भी चरमरा जाती है। एडेन मार्करम को अब अपने चिर परिचित फॉर्म में लौटना होगा जिनका बल्ला अभी तक खामोश रहा है।

#### रॉयल्स का शानदार सफर

रॉयल्स का अब तक का सफर बेदाग रहा है। पहले सत्र की विजेता टीम ने हर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया है और 16 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके पास जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन जैसे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैं। शिमरोन हेटमायेर और रोवमैन पॉवेल के अलावा रियान पराग और ध्रुव जुरेल ने भी रन बनाये हैं।

## वैशाली ने ग्रैंडमास्टर का दर्जा मिलने पर जताई खुशी

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था फिडे द्वारा हाल में आधिकारिक रूप से ग्रैंडमास्टर का दर्जा मिलने के बाद भारतीय शतरंज खिलाड़ी आर वैशाली ने खुलासा किया है कि ऐसा भी समय था जब वह इस उपलब्धि को हासिल करने को लेकर अनिश्चित थीं लेकिन अच्छे सहयोगी ढांचे की बदौलत ऐसा करने में सफल रहीं।

वैशाली ने स्पेन में लोब्रेगेट ओपन टूर्नामेंट में जरूरी 2500 ईएलओ अंक जुटा लिए थे और कोनेरू हंपी तथा हरिका द्रोणावल्ली के बाद ग्रैंडमास्टर बनने वाली तीसरी महिला बनीं थी। वैशाली को हालांकि आधिकारिक तौर पर यह



दर्जा पिछले महीने टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के दौरान फिडे परिषद की बैठक के बाद दिया गया। वैशाली ने साक्षात्कार में कहा, 'महिला ग्रैंडमास्टर बनने के बाद मुझे पता था कि किसी दिन यह ग्रैंडमास्टर में बदल जाएगा। मैंने इस उपाधि के बारे में इतना अधिक नहीं सोचा। हां, इसे आधिकारिक होने में कुछ समय लगा लेकिन मुझे खुशी है कि अंततः यह दर्जा मिल गया। मुझे देरी से कोई दिक्कत नहीं थी।'

# इंडियन नेवी की बड़ी कामयाबी: पनडुब्बी रोधी सुपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण, अब समंदर की निगरानी होगी स्मार्ट



एजेंसी ▶▶ बालासोर

भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के मामले में एक और बड़ी कामयाबी मिली है। दरअसल भारतीय नौसेना ने पनडुब्बी रोधी मिसाइल सिस्टम का सफल परीक्षण किया है। भारतीय नौसेना ने बुधवार को ओडिशा में बालासोर के तट पर सुपरसोनिक मिसाइल असिस्टेड रिलीज ऑफ टॉरपीडो (स्मार्ट) मिसाइल सिस्टम का सफल परीक्षण किया। बुधवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से सुपरसोनिक मिसाइल सिस्टम ने उड़ान भरी। यह अगली पीढ़ी का मिसाइल सिस्टम है, जो लाइटवेट टॉरपीडो डिलीवरी सिस्टम पर आधारित है। इसे डीआरडीओ द्वारा ही डिजाइन और विकसित किया गया है।

**1** भारतीय नौसेना ने बुधवार को ओडिशा में बालासोर के तट पर किया सफल परीक्षण

**2** लाइटवेट टॉरपीडो डिलीवरी सिस्टम को डीआरडीओ ने विकसित और डिजाइन किया

## रक्षा मंत्री ने कहा-नौसेना की ताकत और बढ़ेगी

### उत्कृष्टता के पथ पर अग्रसर डीआरडीओ


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्मार्ट के सफल उड़ान-परीक्षण पर डीआरडीओ और उद्योग भागीदारों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रणाली के विकास से हमारी नौसेना की ताकत और बढ़ेगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने पूरी स्मार्ट टीम के सहक्रियात्मक प्रयासों की सराहना की और उत्कृष्टता के पथ पर आगे बढ़ने का आग्रह किया।

## सुपरसोनिक मिसाइल की खासियत

पनडुब्बी रोधी युद्ध में यह मिसाइल सिस्टम बेहद अहम है। यह मिसाइल लंबी दूरी के लक्ष्यों को भेदने में सक्षम है। स्मार्ट मिसाइल को युद्धक जहाज के साथ ही तटीय इलाकों से भी लॉन्च किया जा सकता है। यह मिसाइल अपनी अधिकांश उड़ान कम ऊंचाई पर हवा में पूरी करती है और अपने लक्ष्य के नजदीक जाकर मिसाइल से टॉरपीडो रिलीज होकर पानी के भीतर लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। कैनिस्टर आधारित इस मिसाइल सिस्टम में कई आधुनिक सब-सिस्टम हैं, जिनमें दो चरणीय सॉलिड प्रोपल्शन सिस्टम, इलेक्ट्रोमैकेनिकल एक्टुएटर सिस्टम, नेविगेशन सिस्टम आदि शामिल हैं। यह सिस्टम एक कम वजनी टॉरपीडो को बतौर पेलोड साथ लेकर उड़ान भरता है, जिसमें पैराशूट आधारित रिलीज सिस्टम होता है। आज के परीक्षण में टॉरपीडो के मिसाइल सिस्टम से अलग होने और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच की गई।

## खबर संक्षेप

### बारिश में सऊदी के कई शहर हुए पानी पानी



**दुबई।** बीते 24 घंटे की हुई मूसलाधार बारिश में सऊदी के कई शहर डूब गए हैं। आगे भी ऐसी स्थिति बने रहने की चेतावनी जारी की गई है। इस बारिश में सबसे ज्यादा प्रभावित इलाका अल-उला और अल-मदीना है। अल-मदीना में मुस्लिमों का सबसे पवित्र स्थल मस्जिद-ए-नबवी है, जहां की वीडियो काफी वायरल हो रही है। इस वीडियो में मस्जिद के अंदर तेज बारिश के साथ पानी भरा हुआ दिख रहा है।

### मणिपुर में हंगामा, भीड़ को हटाने हवाई फायरिंग



**बिष्णुपुर।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सेना के एक गश्ती दल को पुलिस की वर्दी में 11 हथियारबंद लोग मिले। पुलिस ने कहा कि सैनिकों द्वारा पुरुषों को हिरासत में लेने और उनके हथियार जब्त करने के बाद महिला प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने उन्हें घेर लिया और हथियार वापसी की मांग करने लगे। इसी बीच हंगामा शुरु हुआ और सुरक्षाबलों ने समझाने की कोशिश की लेकिन वे उग्र होते चले गए।

### ड्रोन और हेलीकॉप्टर तलाश रहे आतंकी



**उधमपुर।** बसंतगढ़ में वीडीजी सदस्य की हत्या कर जंगलों में फरार आतंकियों पर सुरक्षाबलों का शिकंजा कसता जा रहा है। जंगल में तीन तरफ से घेराबंदी की है। कठुआ के ढग्गर, बसंतगढ़ व डोडा जिले की ओर से तलाशी अभियान चल रहा है। बुधवार को चौथे दिन भी तलाशी अभियान जारी है। इस दौरान मानव रहित हवाई वाहन (अनमैन्ड एरियल व्हीकल) का भी प्रयोग किया जा रहा है।


## पढ़ाई के लिए कनाडा गए गोल्डी ने अपराध की दुनिया में रखा था कदम

# मूसेवाला मर्डर केस के मास्टरमाइंड गोल्डी बरार की अमेरिका में हत्या?

*गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का मुख्य आरोपी गोल्डी मारा गया है। सूत्रों के अनुसार, अमेरिका में गोली मारी गई है। हत्या की जिम्मेदारी डल्ला-लखबीर गैंग ने ली है।*

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी बरार की मौत की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। दावा किया जा रहा है कि लॉरेंस गैंग के सबसे खास गुर्गों में शामिल गोल्डी को अमेरिका में गोलियों से भून दिया गया है।



गोल्डी बरार



सिद्धू मूसेवाला

मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि उसकी हत्या की जिम्मेदारी उसके विरोधी गैंग के डल्ला-लखबीर ने ली है। हालांकि गोल्डी बरार की मौत की अधिकारिक पुष्ट अभी नहीं हो सकी है। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का मुख्य संदिग्ध के तौर पर गोल्डी बरार की पंजाब पुलिस के साथ अन्य राज्यों की पुलिस को भी तलाश थी। गौरतलब है कि कुछ समय पहले ही केंद्र सरकार की ओर से गोल्डी को आतंकवादी घोषित किया था।

गोल्डी बरार का चचेरा भाई गुरलाल बराड़ लॉरेंस बिश्नोई का सबसे करीबी था। गुरलाल बराड़ की हत्या के बाद लॉरेंस गैंग ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि अब नई जंग की शुरुआत है, सड़कों पर खून नहीं सूखेगा। इस बीच गोल्डी बराड़ स्टडी वीजा पर कनाडा पढ़ाई करने जा चुका था। मगर गुरलाल की हत्या के बाद वह जरायम की दुनिया में कूद पड़ा। कनाडा से ही गोल्डी ने हत्याओं की साजिश रचनी शुरू की और कई वारदातों को अपने गुर्गों से अंजाम दिलवाया। इन्हीं में एक वारदात थी गुरलाल सिंह की हत्या। 18 फरवरी 2021 को पंजाब के फरीदकोट में जिला यूथ कांग्रेस अध्यक्ष गुरलाल सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोल्डी बराड़ ने अपने भाई की हत्या का बदला लेने की खातिर ही यूथ कांग्रेस नेता को मरवाया था।

### कनाडा में सबसे वांछित व्यक्तियों की सूची में था बरार

### मौत की खबर सोशल मीडिया पर वायरल

## बब्बर खालसा आतंकवादी संगठन से था संबंध

### मूसेवाला की हत्या की साजिश रची थी

*बहुचर्चित सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में मुख्य वांटेड रहे गोल्डी बरार की हत्या पर कई जानकारियों सामने आ रही है। गोल्डी बरार को पूर्व में मूसेवाला हत्या का मुख्य संदिग्ध माना गया था। बाद में गोल्डी ने व्यक्तिगत रूप से हत्या करने की बात स्वीकार की। इसके पीछे उसने बताया था कि उसने 2022 में पंजाब में एक छात्र नेता की हत्या के प्रतिशोध के रूप में मूसेवाला की हत्या की साजिश रची थी।*

### आतंकवादी घोषित किया गया था

मूसेवाला हत्याकांड के बाद गोल्डी को आतंकवादी घोषित किया गया था। गृह मंत्रालय की ओर से गोल्डी के बारे में कहा गया था कि सतविंदर सिंह, जिसे सतिंदरजीत सिंह या गोल्डी बरार के नाम से भी जाना जाता है, का संबंध बब्बर खालसा आतंकवादी संगठन से था और उसने कई हत्याओं, हथियारों की अवैध तस्करी और चरमपंथी गतिविधियों में भी शामिल रहा।

### विदेश से मचा रखा था आतंक

गोल्डी बरार मूल रूप से पंजाब के मुक्तसर का रहने वाला था। उसके पिता पहले पंजाब पुलिस में सेवा दे चुके हैं। 2017 में छात्र वीजा पर कनाडा में स्थानांतरित होने के बाद, गोल्डी बरार प्रतिद्वंद्वियों को निशाना बनाने और धनी व्यक्तियों से पैसे ऐंठने जैसी आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गया। मई 2023 में, गोल्डी बरार को कनाडा में सबसे वांछित व्यक्तियों की सूची में 15वें स्थान पर रखा गया था। उसे हत्या, साजिश, अवैध बन्दूक व्यापार और हत्या के प्रयास से संबंधित आरोपों के कारण सूची में जोड़ा गया था। विदेश में रहकर भी वह पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में उसका फिरौती, वसूली और कई हत्याओं से संबंध रहा।

## आईसीजे का रोक लगाने से इनकार

इजराइल को अमेरिका 65.6 जर्मनी 29.7 इटली 4.7% सप्लाई करता है हथियार

# इजराइल को जर्मनी देता रहेगा हथियार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस (आईसीजे) ने इजराइल को जर्मनी द्वारा की जाने वाली हथियार सप्लाई पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है।

मध्य अमेरिकी देश निकारागुआ ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में यह मामला दायर किया था और आरोप लगाया था कि जर्मनी ने इजराइल को सैन्य उपकरण भेजकर संयुक्त राष्ट्र नरसंहार संधि का उल्लंघन किया है लेकिन आईसीजे ने इसके खिलाफ फैसला दिया है।

### अंतिम फैसला आने में लग सकते हैं कई साल

*आईसीजे से अंतिम फैसला आने में वर्षों लग सकते हैं लेकिन यह फैसला आपातकालीन उपायों को तेजी से लागू करने के लिए दिया गया है। प्रधान न्यायाधीश नवाफ सलाम ने नीदरलैंड के हेग स्थित अदालत में यह फैसला सुनाया। सुनवाई के दौरान जर्मन सरकार ने कहा था कि यह मुकदमा अनुचित है। दूसरी तरफ इजराइल भी मजबूती के साथ इससे इनकार करता रहा कि उसका सैन्य अभियान नरसंहार संधि का उल्लंघन है।*

### इजराइल ने आरोप किए खारिज

इस बीच, इजराइल ने हर बार की तरह नरसंहार के आरोपों को खारिज किया है और कहा है कि गाजा में उसकी सैन्य कार्रवाई सिर्फ और सिर्फ हमास को नष्ट करने पर केंद्रित है। बता दें कि निकारागुआ ने मार्च की शुरुआत में हेग में यह मामला लाया था और अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीशों से अनुरोध किया था कि वे बर्लिन को इजराइल को हथियार और अन्य सहायता प्रदान करने से रोकने के लिए आपातकालीन आदेश जारी करें। याचिका में यह भी कहा गया था कि जर्मनी ने संयुक्त राष्ट्र की सहायता एजेंसी, यूएनआरडब्ल्यूए को फंडिंग बंद करके संयुक्त राष्ट्र नरसंहार संधि का उल्लंघन किया है।

## बड़े काम का है रेलवे का यह नियम

# रेलवे परिसर में कहीं भी घायल हुए तो व्यक्ति को मिलेगा मुफ्त इलाज




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अगर रेलवे स्टेशन या परिसर में कहीं पर भी किसी के साथ कोई घटना होती है और व्यक्ति घायल हो जाता है तो उसका इलाज भारतीय रेलवे कराएगा। भले ही पीड़ित व्यक्ति के पास रेलवे का कोई टिकट हो या न हो। रेलवे की पहली प्राथमिकता उस व्यक्ति का तुरंत इलाज कराना है।

### घायल के पास टिकट नहीं होगा तो भी मिलेगा इलाज

रेल मैन्युअल के अनुसार अगर कोई व्यक्ति ट्रेन से सफर करने के लिए प्लेटफार्म या स्टेशन पहुंचता है, यहां तक कि स्टेशन परिसर तक पहुंचा जाता है। उस दौरान किसी के साथ कोई घटना हो जाती है और वो घायल हो जाता है। उस व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाकर तुरंत उपचार कराने की जिम्मेदारी भारतीय रेलवे की है। भले ही उस व्यक्ति के पास किसी तरह का टिकट हो या न हो। रेल मैन्युल के अनुसार परिसर पर आने वाल प्रत्येक व्यक्ति रेलवे का संभावित यात्री हो सकता है। अगर कोई व्यक्ति बगैर टिकट है तो रेलवे उस पर कार्रवाई बाद में करेगा।

## फिलिस्तीनी-इजराइल समर्थक भिड़े, हंगामा



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के यूसीएलए परिसर में फिलिस्तीनी और इजराइल समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई है। नियंत्रण के लिए मौके पर पुलिस पहुंची है। झड़प बुधवार तड़के एक शिविर के ठीक बाहर हुई, जहां फिलिस्तीनी समर्थक प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा के लिए अवरोधक लगाए थे। इजराइल समर्थक प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प के दौरान प्रदर्शनकारियों ने एक-दूसरे को लात मारी और लाठियों से हमला किया। इससे पहले न्यूयॉर्क स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय के हैमिल्टन हॉल में जमा हुए 30 से 40 फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने मंगलवार रात परिसर से हटा दिया था।

## मनीषा को ताज, राधिका और जेस्मिन रहीं सेकंड रनरअप



*कुल्लू। मनीषा ठाकुर के सिर स्प्रिंग क्वीन 2024 का ताज सजा है। लालचंद प्रार्थी कलाकेंद्र में हुए फाइनल राउंड में मनीषा ठाकुर ने अन्य प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। स्प्रिंग क्वीन की पहली रनरअप राधिका ठाकुर और सेकंड रनरअप जेस्मिन ठाकुर रहीं।*

## चांद पर बर्फ ही बर्फ! भारतीय वैज्ञानिकों ने किया कमाल

# चंद्रमा की सतह के नीचे बर्फ पर नए शोध ने सबको चौंकाया



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

चांद पर पानी की खोज से जुड़े नए तथ्य सामने आए हैं। भारतीय और अंतराष्ट्रीय वैज्ञानिकों के एक हालिया अध्ययन से इस बात की उम्मीद जगी है कि चंद्रमा के ध्रुवीय गड्ढों में पहले के अनुमान से काफी अधिक सतह पर पानी बर्फ हो सकती है। इसरो ने बुधवार को कहा है कि आईएसपीआरएस जर्नल ऑफ फोटोग्रामेट्री एंड रिमोट सेंसिंग में प्रकाशित शोध से पता चलता है कि सतह के कुछ मीटर नीचे बर्फ की मात्रा सतह की तुलना में 5 से 8 गुना अधिक है।

### चंद्रमा पर वाष्पशील पदार्थों का पता लगाना होगा आसान

यह दबी हुई बर्फ चंद्रमा पर लंबे समय तक मानव उपस्थिति को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। इसरो स्पेस एप्लीकेशन सेंटर (एसएसी) के टी चक्रवर्ती ने कहा, 'इस बर्फ के वितरण और गहराई की सटीक जानकारी भविष्य में इन चंद्र वाष्पशील पदार्थों का पता लगाने और नमूना लेने के लिए लैंडिंग स्थलों का चयन करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। नासा के चंद्र टोही ऑर्बिटर (एलआरओ) पर सवार सात उपकरणों से डेटा का विश्लेषण करते हुए टीम ने पाया कि उत्तरी ध्रुवीय क्षेत्र में दक्षिणी ध्रुवों की तुलना में लगभग दोगुनी बर्फ है। माना जाता है कि बर्फ की उत्पत्ति प्राचीन चंद्र ज्वालामुखी के दौरान निकलने वाली गैस से हुई थी।

### भारत के चंद्रयान-2 चंद्र ऑर्बिटर के रडार डेटा का किया उपयोग

### उत्तरी ध्रुवीय क्षेत्र में दक्षिणी ध्रुवों की तुलना में लगभग दोगुनी बर्फ

## चांद पर पानी मिलने की संभावना

*भारत के चंद्रयान-2 चंद्र ऑर्बिटर के रडार डेटा का उपयोग करते हुए निकाले गए निष्कर्ष संकेत देते हैं कि कुछ ध्रुवीय क्रेटर में बर्फ जमा हो सकती है। इसरो का कहना है कि नया अध्ययन चंद्रमा के वाष्पशील पदार्थों के इन-सीटू जांच के लिए उसकी भविष्य की योजनाओं का समर्थन करता है। पानी मानव जीवन के लिए एक बहुमूल्य संसाधन है। ऐसे में चंद्रमा की सतह के ठीक नीचे से बर्फ का होना एक नई संभावना पैदा करता है। चांद पर पानी की खोज को लेकर दुनियाभर के वैज्ञानिक सालों से खोज में जुटे हैं। इसको लेकर अलग-अलग तरह की जानकारी भी सामने आती रही है।*

## ओडेसा में किया मिसाइल हमला

# रूसी हमले में 5 की मौत, 30 घायल 'हैरी पॉटर कैसल' तबाह

एजेंसी ▶▶ कीव



रूस और यूक्रेन के बीच 26 महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। फिलहाल, यह जंग थमती नजर नहीं आ रही है। इस बीच, एक बार फिर रूस की तरफ से मिसाइल हमला किए जाने की खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, काला सागर के बंदरगाह शहर ओडेसा में मिसाइल हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं 30 से अधिक लोग घायल हुए हैं। हमले में कई आवासीय भवनों सहित बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों के अनुसार, इससे पहले रूसी सीमा से सिर्फ 30 किमी दूर स्थित यूक्रेनी शहर खार्किव पर ग्लाइड बमों से हमला किया गया था। दो नागरिक घायल हो गए थे। हमले में बहुमंजिला आवासीय इमारत भी क्षतिग्रस्त हुई थी। यूक्रेन दो वर्षों से रूसी आक्रमण को रोक रहा है। रूसी सेना आए दिन खार्किव और ओडेसा के प्रमुख शहरों पर मिसाइलें और ड्रोन दागती रहती है।

## रामचंद्र कुल्फी वाला के फूड डिपार्टमेंट का छापा

# फैक्ट्री से एक्सपायरी डेट का कलर-एसेंस बरामद; आइसक्रीम बनाने में हो रहा था इस्तेमाल



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** हेल्थ डिपार्टमेंट की फूड सिक्योरिटी टीम ने बुधवार को जयपुर के नामी कुल्फी विक्रेता के यहां छापा मारा। इस दौरान वहां एक्सपायरी डेट के कलर और एसेंस बरामद हुए, जिनको नष्ट करवाया। वहीं कुल्फी निर्माता के आउटलेट से कुल्फी, रबड़ी दूध और शेक के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब में भिजवाए।

फूड सेफ्टी कमिश्नर के निर्देश पर एडिशनल कमिश्नर पंकज ओझा के नेतृत्व में टीम ने त्रिपोलिया बाजार स्थित रामचंद्र कुल्फी वाला के यहां छापा मारा, जबकि एक टीम सुभाष नगर शॉपिंग सेंटर स्थित इस कुल्फी सेंटर की फैक्ट्री पर भी छापा मारा। इस फैक्ट्री से ही माल तैयार करके आउटलेट पर बेचा जाता है।

फैक्ट्री पर छापा मारने पर टीम को वहां से एक्सपायरी डेट के कलर (आइसक्रीम में उपयोग होने वाले) मिले। इसके अलावा एक्सपायरी डेट के एसेंस भी मौके से बरामद हुए, जिनको नष्ट करवाया गया। ये एसेंस आइसक्रीम के अलावा फ्लेवर्ड मिल्क और अन्य फ्रोजल डेजर्ट में उपयोग किया जाता है।

एक्सपायरी डेट का सामान मिलने पर विभाग ने कंपनी संचालक को नोटिस जारी किया। इसके साथ ही त्रिपोलिया बाजार स्थित आउट लेट से कुल्फी, रबड़ी दूध और अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल भी लेकर उन्हें जांच के लिए लैब भिजवाए।

## कूकस में शिवविलास होटल की लॉन्ड्री में लगी आग

# दम घुटने से एक होटलकर्मी घायल, 3 दमकलों ने ढाई घंटे में पाया काबू



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** आमेर थाना इलाके में जयपुर-दिल्ली हाईवे पर कूकस स्थित शिवविलास होटल की बेसमेंट में स्थित लॉन्ड्री में बुधवार देर शाम अचानक भीषण आग लग गई। आग की वजह शॉर्ट सर्किट होना सामने आया है। आमेर से पहुंची तीन दमकल गाड़ियों ने 4 राउंड में करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जिस जगह पर आग लगी वहां पर करीब 12 होटलकर्मी मौजूद थे। अचानक आगजनी से लॉन्ड्री कक्ष में धुआं ही धुआं हो गया और आग की लपटे उठने लगी। इससे होटलकर्मियों में हडकंप मच गया। 11 कर्मचारी तो जैसे तैसे बाहर निकल गए, लेकिन एक होटलकर्मी सूरज मीणा दम घुटने से बेहोश हो गया।

घटना का कवरेज कर रहे मीडियाकर्मियों से होटल मैनेजर महेश शर्मा व उसके साथियों ने अभद्रता व धक्का मुक्की की और मोबाइल फोन छीनकर कर फोटो डिलीट कर दिए और मोबाइल तोड़ दिया। मौजूद एएसआई राजेन्द्र कुमार व चेतक प्रभारी महेश चंद ने बीच बचाव कर मीडियाकर्मियों को बचाया। इस मामले में मीडियाकर्मी की ओर से पुलिस अधिकारियों से मौखिक शिकायत की गई है। आग की सूचना पर आमेर थाने के एएसआई राजेन्द्र कुमार, आमेर चेतक प्रभारी महेश कुमार, कांस्टेबल पवन कुमार मय जाप्ते के पहुंचे। इस दौरान पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए होटल कर्मचारी सूरज के साथ मिलकर कांच तोड़कर आग में फंसे 12 होटल कर्मचारी को सकुशल बाहर निकाला।

### जिस जगह आग लगी, वहां फायर उपकरण नहीं थे, हो सकता था बड़ा हादसा

जानकारी के अनुसार होटल के पीछे की तरफ अंडरग्राउंड लॉन्ड्री है। लेकिन एग्जॉस्ट व फायर संबंधी कोई भी उपकरण नहीं थे। इस वजह से आग पर समय काबू नहीं पाया जा सका। अगर पुलिस प्रशासन समय पर नहीं पहुंचता तो कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था। बेसमेंट में धुआं भरने के कारण ही होटल कर्मचारी सूरज की हालत ख़राब हो गई।

## जयपुर के 296 बूथों पर बिना पोलिंग एजेंट के वोटिंग

# शहर के 140 और ग्रामीण के 156 मतदान केंद्रों पर नहीं था किसी भी प्रत्याशी का समर्थक

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो गई और 4 जून को रिजल्ट आना बाकी है। जयपुर जिले की दोनों लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। इन दोनों सीट पर वोटिंग के दिन कई ऐसे बूथ रहे, जहां किसी भी प्रत्याशी का पोलिंग एजेंट वोटिंग शुरू होने से पहले नहीं पहुंचा। यानी उन बूथों पर बिना एजेंटों के पोलिंग पार्टियों ने ही वोटिंग की प्रक्रिया करवाई। ये तब है जब बीजेपी और कांग्रेस के दिग्गज नेता हर बूथ स्तर पर अपनी पकड़ होने का दावा कर रहे थे। दरअसल, जयपुर जिला निर्वाचन विभाग ने जयपुर और जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को वोटिंग के लिए 4 हजार 217 पोलिंग बूथ बनाए थे। इन बूथों में पोलिंग पार्टियां (निर्वाचन आयोग के अधिकारियों-कर्मचारियों की टीम) के अलावा चुनाव लड़ने वाले हर प्रत्याशी का एक एजेंट (समर्थक) होता है।

इन्हीं एजेंट की निगरानी में पोलिंग बूथ पर वोटिंग शुरू करने से पहले मॉक पोल करवाकर ईवीएम मशीनों की विश्वसनीयता का सत्यापन करवाया जाता है। इसके लिए हर बूथ पर 50-50 मॉक पोल एजेंटों की निगरानी में डाले जाते हैं और उन्हें मौके पर ही डिलीट किया जाता है।

### 296 बूथों पर नहीं पहुंचा किसी भी प्रत्याशी का एजेंट

जयपुर जिले की दोनों सीटों पर 296 ऐसे पोलिंग बूथ थे, जहां किसी भी प्रत्याशी का एजेंट मॉक पोलिंग के दौरान मौजूद नहीं था। इसमें इसमें 140 शहर सीट के बूथ हैं, जबकि 156 ग्रामीण सीट के बूथ।

### 14 फीसदी बूथों पर केवल एक ही एजेंट

इसी तरह 4 हजार 217 बूथों में से 14.25 फीसदी यानी 601 बूथ ऐसे रहे, जहां मॉक पोलिंग के समय केवल एक प्रत्याशी का एजेंट मौजूद था। इनमें से 361 बूथ तो शहरी लोकसभा सीट के हैं, जबकि 240 बूथ ग्रामीण लोकसभा सीट के।

### हर बूथ पर बनाए थे पन्ना प्रमुख

बीजेपी ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव से पहले हर बूथ पर एक-एक वोटर को टच करने या कहें उनसे संपर्क करने के लिए पन्ना प्रमुखों की टीम बनाई थी। हर पन्ना प्रमुख को 100 के करीब वोटर्स की जिम्मेदारी दी थी, लेकिन लोकसभा की वोटिंग वाले दिन की ये रिपोर्ट जमीनी हकीकत कुछ और ही बता रही है।

## ज्वेलर्स ग्रुप ने जहां ऑफिस बताए वहां सिर्फ बोर्ड थे

# 20 ठिकानों पर छापेमारी में 2.35 करोड़ कैश जब्त, कई शोरूम में स्टॉक से ज्यादा सोना मिला

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** जयपुर के 2 ज्वेलर्स ग्रुप के घर और प्रतिष्ठानों पर आयकर विभाग ने लगातार दूसरे दिन सर्च किया। इन 2 दिनों में सर्च के दौरान 2 करोड़ 35 लाख रुपए नकद मिले हैं, जिसे आयकर अधिकारियों ने जब्त कर लिया है। सर्च के दौरान आयकर के अधिकारियों को कई चौंकाने वाली जानकारियां भी मिली है। इस दौरान सामने आया कि एक ग्रुप ने कोलकाता में अपने जो 4 ऑफिस बता रखे हैं, उनमें कोई काम नहीं होता है।

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीमें जब कंपनी के बताए ऑफिस पर सर्च के लिए पहुंची तो चारों बिल्डिंग में कुछ मजदूर और दीवारों पर जेकेजे ज्वेलर्स के बोर्ड टंगे हुए मिले। जब आईटी की टीम ने मजदूरों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि यहां पर किसी भी प्रकार का कोई गोल्ड या अन्य कोई काम नहीं होता है। इस पर आईटी की टीम ने चारों बिल्डिंग में मिले मजदूरों से इसे लेकर शपथ पत्र भी भरवाया।

### कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद खोले जाएंगे 6 लॉकर

आयकर टीमों को मंगलवार को सर्च के दौरान इन ग्रुप के ठिकानों से बैंक लॉकर की 15 से ज्यादा चाबियां मिली थी। इस पर बुधवार को आयकर विभाग के अधिकारियों ने ज्वेलर्स ग्रुप के बैंक लॉकर को सर्च करना शुरू किया। इस दौरान आयकर अधिकारियों को 6 लॉकर मिले। हालांकि कानूनी प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण इन लॉकर को खोला नहीं जा सका। गुरुवार को इन 6 लॉकरों को आयकर अधिकारी खोलेंगे। आयकर विभाग की टीम ने जयपुर के सभी शोरूम में रखी ज्वेलरी का रिकॉर्ड बना लिया है। इस रिकॉर्ड को ग्रुप के रिकॉर्ड के साथ मैच किया जाएगा।

### आयकर टीम को शोरूम में रखे स्टॉक में मिली गड़बड़ी

आईटी से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को टीम ने शोरूम में मौजूद स्टॉक के दस्तावेजों की जांच की थी। इस दौरान टीम को स्टॉक का प्रॉपर रिकॉर्ड नहीं मिला। ग्रुप के लोगों को खुद के शोरूम में रखे स्टॉक की पूरी जानकारी ही नहीं है, इसलिए टीमें शोरूम में मौजूद रजिस्टर और गोल्ड के स्टॉक का मिलान किया। कई शोरूम में स्टॉक से ज्यादा गोल्ड मिला। एक बार सभी शोरूम का स्टॉक चेक करने के बाद कंपनी के मालिकों से इसकी जानकारी लेंगे।

## राजस्थान में 6 जगहों पर सीबीआई की रेड

# मोबाइल, कंप्यूटर और अन्य दस्तावेज किए जब्त; क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर करते थे धोखाधड़ी

राजस्थान की राजनीति




**जयपुर।** ऐप के माध्यम से निवेश की योजना बताकर धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ देशभर में सीबीआई की टीमों ने दबिश दी है। राजस्थान समेत 10 राज्यों में 30 से ज्यादा ठिकानों पर सीबीआई ने छापेमारी की है। राजस्थान में 6 जगहों पर सीबीआई ने छापेमारी की है। इस दौरान सीबीआई ने मोबाइल फोन, कंप्यूटर की हार्ड ड्राइव, सिम कार्ड, डेबिट कार्ड, ईमेल अकाउंट और विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेजों सहित महत्वपूर्ण डिजिटल सबूत जब्त किए हैं। सीबीआई ने बुधवार को दो निजी कंपनियों और उनके निदेशकों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66 डी के तहत एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि एचपीजेड टोकन ऐप से संबंधित धोखाधड़ी वाली निवेश योजना में आरोपी संलिप्त थे। इस योजना में ये आरोपी आम लोगों से क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी करते थे। एचपीजेड एक ऐप-आधारित टोकन है, जो यूज करने वालों को बिटकॉइन एवं अन्य क्रिप्टो करेंसी में निवेश करके बड़े फायदे का सपना दिखाकर धोखाधड़ी करते हैं।

अब तक की जांच से पता चला है कि इन आरोपियों ने इस धोखाधड़ी में 150 बैंक खातों का इस्तेमाल किया और निवेशकों से पैसा लेकर इन बैंक में लिया गया। शुरुआत में इस पैसे का उपयोग विश्वास बढ़ाने के लिए किया गया यानी इन लोगों ने कई निवेशकों को पैसा भी इन बैंक खातों के माध्यम से लौटाया, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग लालच में आकर निवेश करें। आरोपियों ने बैंक खातों में आए पैसों को क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर निवेश किया है।

## राजस्थान में मई में सामान्य रह सकती है गर्मी

# पहले सप्ताह में कंट्रोल रहेगा तापमान; 4 से 6 मई तक चलेगा बारिश का दौर



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान में अप्रैल में गर्मी सामान्य से कम रहने के बाद अब मई में भी इसी तरह का ट्रेंड रहने की संभावना दिख रही है। मई के पहला सप्ताह में तापमान न केवल कंट्रोल रह सकता है, बल्कि कुछ जगहों पर ये सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस तक नीचे बने रहने की संभावना है। 4 मई से एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा, जिसके प्रभाव से राजस्थान के कई हिस्सों में बादल छाने के साथ हल्की बारिश हो सकती है और कहीं-कहीं ओले गिरने के साथ धूलभरी आंधी चल सकती है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, 3 मई तक राजस्थान में मौसम साफ रहेगा, लेकिन तापमान में कोई खास परिवर्तन देखने को नहीं मिलेगा। अधिकांश शहरों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे ही रहने की संभावना है, जबकि पश्चिमी राजस्थान के कुछ शहरों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से नीचे रह सकता है।

### उत्तरी राजस्थान में देर रात चली आंधी

मंगलवार देर रात उत्तरी राजस्थान के गंगानगर, हनुमानगढ़ के एरिया में तेज धूलभरी आंधी चली। आंधी चलने के साथ कुछ जगह हल्के बादल छाए। रात में यहां तापमान 18 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। इससे यहां रात में हल्की ठंडक का एहसास हुआ।

### 4 मई से मौसम में हो सकता है बदलाव

मौसम केन्द्र जयपुर के सीनियर साइंटिस्ट हिमांशु शर्मा ने बताया कि 4 मई को एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत पर एक्टिव होगा। इस सिस्टम का प्रभाव राजस्थान में भी रहेगा। इसका प्रभाव राजस्थान में 6 मई तक देखने को मिल सकता है। इस सिस्टम के प्रभाव से 4 से 6 मई तक राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में बादल छा सकते हैं और कहीं-कहीं धूलभरी हवा चलने के साथ हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है।

### 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा पारा

राजस्थान में अप्रैल का आखिरी दिन भी गर्मी के लिहाज से अच्छा रहा। कल राजस्थान के किसी भी शहर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक नहीं पहुंचा। सबसे ज्यादा तापमान 39.9 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर में दर्ज हुआ। इसके अलावा डूंगरपुर, जालोर में 39.6, चित्तौड़गढ़-कोटा में 39 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। जैसलमेर, फलोदी, धौलपुर, करौली, सिरोही में पारा 38 डिग्री सेल्सियस, जबकि बारां, चूरू, जोधपुर, उदयपुर, पिलानी और भीलवाड़ा में दिन का तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## रिकॉर्ड बनाने के बाद गिरी सोने-चांदी की कीमतें

# 10 दिन में सोना 2650 रुपए हुआ सस्ता, चांदी की कीमत में आई 3600 रुपए की गिरावट

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में चल रही उठापटक का सबसे ज्यादा असर सोने और चांदी की कीमत पर नजर आ रहा है। पिछले दिनों आई रिकॉर्ड तेजी के बाद सोने और चांदी की कीमत में गिरावट का सिलसिला शुरू हो गया है। पिछले 10 दिनों में स्टैंडर्ड सोने की कीमत में 2 हजार 650 रुपए की कमी आई है, जबकि चांदी में 3600 रुपए प्रति किलो की गिरावट आई है। इसके बाद 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत घटकर 73 हजार 150 रुपए जबकि चांदी प्रति किलो की कीमत 82 हजार 100 रुपए पर पहुंच गई है। जयपुर सर्राफा कमेटी की ओर से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 73 हजार 150 रुपए पर आ गई है, जबकि 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत 68 हजार 400 रुपए पहुंच गई है। सोना 18 कैरेट 58 हजार 200 रुपए प्रति 10 ग्राम और 14 कैरेट 47 हजार 200 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी रिफाइन की कीमत बढ़कर 82 हजार 100 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। जयपुर के सर्राफा व्यापारी पंकज सोनी ने बताया कि भारत में वेडिंग सीजन खत्म होने से सोने की डिमांड में कमी आई है, जिसकी वजह से सोने और चांदी की कीमत में गिरावट हो रही है। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी पहले के मुकाबले स्थिरता आई है। यही कारण है कि रिकॉर्ड बढ़ोतरी के बाद अब सोने और चांदी दोनों की कीमत में गिरावट हो रही है। लोकसभा चुनाव तक सोने और चांदी दोनों की कीमतों में बदलाव का यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा।

### सोना खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान

### 1. सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें

हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉल मार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। नए नियम के तहत एक अप्रैल से 6 डिजिट वाले अल्फान्यूमेरिक हॉलमार्किंग के बिना सोना नहीं बिकेगा। जैसे आधार कार्ड पर 12 अंकों का कोड होता है, उसी तरह से सोने पर 6 अंकों का हॉल मार्क कोड होगा। इसे हॉल मार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी HUID कहते हैं।

ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है- AZ4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव हो गया है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।

### 2. कीमत क्रॉस चेक करें

सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है। 24 कैरेट सोने को सबसे शुद्ध सोना माना गया है, लेकिन इसकी ज्वेलरी नहीं बनती, क?योंकि वो बेहद मुलायम होता है। आमतौर पर ज्वेलरी के लिए 22 कैरेट या इससे कम कैरेट सोने का इस्तेमाल किया जाता है। कैरेट के हिसाब से ऐसे चेक करें कीमतः मान लीजिए 24 कैरेट सोने का दाम 60 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम है। यानी एक ग्राम सोने की कीमत हुई 6000 रुपए। ऐसे में 1 कैरेट शुद्धता वाले 1 ग्राम सोने की कीमत हुई 6000/24 यानी 250 रुपए। अब मान लीजिए आपकी ज्वेलरी 18 कैरेट शुद्ध सोने से बनी है तो 18*250 यानी इसकी कीमत 4,500 रुपए प्रति ग्राम हुई। अब आपकी ज्वेलरी जितने भी ग्राम की है उसमें 4,500 रुपए का गुणा करके सोने की सही कीमत निकाली जा सकती है।

## जयपुर पुलिस ने जागरूकता के लिए निकाली वाहन रैली

# कमिश्नर बोले- यातायात सुरक्षा के लिए चलाएंगे अभियान; नियमों का पालन नहीं करने पर करेंगे कार्रवाई

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट पुलिस ने बुधवार को यातायात एवं महिला सुरक्षा जन जागरूकता अभियान %सुरक्षा मान सम्मान% के तहत वाहन रैली निकाली। इस वाहन रैली का फ्लैग ऑफ जयपुर कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ पुलिस ने किया। इस दौरान जयपुर पुलिस कमिश्नरेट, जयपुर ट्रैफिक पुलिस और निर्भया स्क्वॉड की टीम मौजूद रही। यह वाहन रैली गवर्नमेंट हॉस्टल से संसार चंद्र रोड, संजय सर्किल चांदपोल, छोटी चौपड़, अजमेरी गेट, यादगार तिराहा, अशोका टी पॉइंट, अशोका मार्ग, गवर्नमेंट प्रेस एमईएस होते हुए गवर्नमेंट हॉस्टल पहुंची।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि इस महीने में हम लोग यातायात सुरक्षा को लेकर कैंपेन शुरू कर रहे हैं। उससे पहले पब्लिक को ट्रैफिक नियमों की पालना करने के लिए जागरूक कर रहे हैं। साथ-साथ ट्रैफिक पुलिस को भी आदेश दिए हैं कि जहां जरूरत हैं वहां पर बता दें कि ट्रैफिक नियमों की पालना करनी हैं। नशा करके वाहन चलाने वालों, रोड लाइट सहित ट्रैफिक नियम फॉलो नहीं करने वालों के खिलाफ कड़ा एक्शन किया जाएगा। सुगम यातायात में बाधा पहुंचाने वालों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा। लोगों में जागरूकता के लिए 1-2 दिन वाहन रैली निकालने के साथ ही समझाइश की जाएगी, उसके बाद पुलिस एक्शन करेगी।

महिला हेल्पलाइन में 24 घंटे टीम काम करती है, उनके पास जो भी शिकायत आती है उस पर काम किया जाता है। पुलिस के सामने एक बड़ी परेशानी है कि शिकायत मिलने के बाद टीम काम कर बदमाश को पकड़ती है, शिकायत पर कार्रवाई होने के बाद महिलाएं आगे नहीं आती है। हम महिलाओं को समझाने का प्रयास करेंगे कि अगर बदमाश पकड़ा जाता है तो उसे सजा दिलाने के लिए उनका हमारे साथ खड़ा रहना जरूरी है। इससे हम लोग कानूनी तरीके से इन लोगों के खिलाफ कड़ा एक्शन ले सकेंगे और इनको सबक सिखाना जरूरी है। निर्भया स्क्वॉड को भी हम लोग और मजबूत कर रहे हैं, लोग चाहें तो जहां पर निर्भया मिले उनको भी सूचना देकर कार्रवाई करवा सकते हैं।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक एवं संपादक रमाकांत गोस्वामी द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, पीपलेश्वर मंदिर के पीछे, नला मौहल्ला,दौसा (राजस्थान)-303303 से प्रकाशित किया। संपादक: रमाकान्त गोस्वामी, कार्यकारी संपादक भूपेंद्र कुमार शर्मा, स्थानीय संपादक: संजय लाटा (अवैतनिक) आरएनआई नं. RAJHIN/2012/43137, ब्रांच ऑफिस: 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल- tniawaz.news@gmail.com, Group of Sites- www.hpnews.in, www.right2action.in, www.jaipurtak.com, www.dharmjagran.com, www.hindustanpatrika.com, www.freedomathought.com, www.tniawaaz.in (* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।